Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -288 बुधवार,24 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

प्रसन्नचित्त व्यक्ति कभी अपने कर्म में असफल नहीं होता है।

-शेख सादी-

## गलती से ब्रह्मोस मिसाइल दागने की घटना में दोषी पाए गए वायुसेना के तीन अधिकारी बर्खास्त

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान की सीमा में गलती से ब्रह्मोस मिसाइल दागने के मामले में अपने तीन अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इस मामले की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी जांच में पाया गया है कि दुर्घटनावश मिसाइल दागे जाने की घटना के दौरान तीनों अधिकारियों ने पूरी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किया। इस जांच के आधार पर ही इन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। वायुसेना ने इस कार्रवाई के साथ ही ब्रह्मोस मिसाइल दुर्घटना जांच के मामले का पटाक्षेप कर दिया है।

**पाकिस्तान ने भारत से की थी जांच की मांग**

मालूम हो कि पाकिस्तान ने दुघर्टनावश मिसाइल दागे जाने की इस घटना पर कड़ा एतराज जताते हुए भारत से इसकी जांच कराने की मांग की थी। मालूम हो कि बीते नौ मार्च को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल रूटीन मेंटेनेंस प्रक्रिया के दौरान दुघर्टनावश फायर हो गया और यह पाकिस्तान के एयर स्पेस के 100 किलोमीटर अंदर करीब 40000 फीट की उंचाई से जाकर गिरा। गनीमत यह थी कि इस मिसाइल में कोई हथियार-सामाग्री नहीं लगी थी और



इसलिए कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। पाकिस्तान ने इस घटना पर अपनी नाराजगी जाहिर की और इस्लामाबाद में भारत के कार्यकारी राजदूत को बुलाकर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसकी जांच की मांग की थी।

**चूक के लिए जिम्मेदार थे तीनों**

भारत ने दुघर्टनावश मिसाइल फायर होने के इस प्रकरण को लेकर खेद जताते हुए जांच कराने की घोषणा की थी और तभी वायुसेना के एक एयर मार्शल की अध्यक्षता में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी जांच बिठाई गई।सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में पाया गया है कि इसमें तीन अधिकारियों ने मिसाइल से जुड़ी मानक संचालन प्रक्रियाओं का ठीक से पालन नहीं किया और इसी वजह से मिसाइल की आकस्मिक फायरिंग की घटना हुई। इसके मद्देनजर ही सरकार ने तत्काल प्रभाव से 23 अगस्त को इन तीनों अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर इस जांच को बंद कर दिया है।

**अनजाने में मिसाइल चलने पर रक्षा मंत्री ने जताया था खेद**

भारत की मिसाइल दुर्घटनावश पाकिस्तान के क्षेत्र में चले जाने की घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खेद जताया था। उन्होंने संसद में कहा था कि सरकार ने इस घटना को बहुत ही गंभीरता से लिया है और उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा था कि भारत की मिसाइल प्रणाली बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद है। देश का रक्षा प्रतिष्ठान सुरक्षित प्रक्रियाओं और मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

उन्होंने कहा, 9 मार्च को अनजाने में जो मिसाइल रिलीज हुई, उसके लिए हमें खेद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिसाइल यूनिट के नियमित रखरखाव और निरीक्षण के दौरान गलती से एक मिसाइल छूट गई। उन्होंने कहा कि बाद में पता चला कि मिसाइल पाकिस्तान के इलाके में गिरी थी और यह घटना खेदजनक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहत की बात यह रही कि कोई नुकसान नहीं हुआ।

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि दुर्घटनावश मिसाइल दागे जाने की घटना की जांच के बाद अगर खामी का पता चलता है तो सरकार उसे दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान ने कहा था कि तेज गति से उड़ान वाली एक चीज पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में पहुंची और खानेवाल जिले में मियां चन्नू इलाके के पास गिर गई।




## DRDO व नौसेना ने किया सफलतापूर्वक परीक्षण,मिसाइल ने जमीन से हवा में नष्ट किया टारगेट

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** आज रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज ओडिशा के तट पर चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। मिसाइलों ने सटीकता के साथ प्रहार किया और लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

जानकारी के अनुसार एक तेज गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य के खिलाफ भारतीय नौसेना के जहाज से उड़ान परीक्षण किया गया था। स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी को पकड़ने की क्षमता से लैस मिसाइलों ने उच्च सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में कामयाबी हासिल की। वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

## सीबीआई विशेष कोर्ट के जज को मिली धमकी

**आसनसोल, २3 अगस्त 2022।** आसनसोल के सीबीआई विशेष कोर्ट के न्यायाधीश राजेश चक्रर्वत्ती को धमकी भरा पत्र मिला है। न्यायाधीश ने खुद बताया है कि उनको पत्र भेजकर धमकी दी गई है। कहा गया है कि यदि टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को जमानत नहीं दी तो पूरे परिवार को एनडीपीएस एक्ट में फंसा दिया जाएगा। न्यायाधीश राजेश चक्रवर्त्ती ने इस धमकी भरे पत्र से जिला जज और कलकत्ता हाई कोर्ट को अवगत कराया है। भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने उनके इस पत्र को ट्वीट कर लिखा है कि सीएम ममता बनर्जी बाहुबली नेता अनुब्रत मंडल को उनकी गिरफ्तारी के बाद भी बचाती रही हैं।

बता दें कि टीएमसी बीरभूम के जिलाध्यक्ष व बाहुबली नेता अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। वे अभी रिमांड पर हैं। सीबीआइ लगाता उनके व रिश्तेदारों की काली कमाई के बारे में खुलासा कर रही है।

## गरीबी के दलदल में फंसे इंसान के लिए मुफ्त की योजनाएं जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** देश में रेवड़ी कल्चर को लेकर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ी जंग के बाद सुप्रीम में कोर्ट में आज इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि गरीबी के दलदल में फंसे इंसान के लिए मुफ्त सुविधाएं और चीजें देने वाली स्कीमें महत्वपूर्ण हैं। सवाल यह है कि इस बात का फैसला कौन लेना कि क्या चीज मुफ्तखोरी के दायरे में आती है और किसे जनकल्याण माना जाएगा? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम चुनाव आयोग को इस मामले में अतिरिक्त शक्ति नहीं दे सकते। अदालत ने कल भी इस मामले पर सुनवाई करने की बात कही है।



अदालत ने कहा कि मुफ्त उपहार एक अहम मुद्दा है और इस पर बहस किए जाने की जरूरत है। सीजेआई एनवी रमना ने कहा कि मान लीजिए कि अगर केंद्र सरकार ऐसा कानून बनाती है जिसके तहत राज्यों को मुफ्त उपहार देने पर रोक लगा दी जाती है, तो क्या हम यह कह सकते हैं कि ऐसा कानून न्यायिक जांच के लिए नहीं आएगा। ऐसे में हम देश के कल्याण के लिए इस मामले को सुन रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले कहा था कि हम यह फैसला करेंगे कि मुफ्त की सौगात क्या है। अदालत ने कहा कि क्या सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, पीने के पानी तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच को मुफ्त सौगात माना जा सकता है। हमें यह परिभाषित करने की आवश्यकता है कि एक मुफ्त सौगात क्या है। क्या हम किसानों को मुफ्त में खाद, बच्चों को मुफ्त शिक्षा के वादे को मुफ्त सौगात कह सकते हैं। सार्वजनिक धन खर्च करने का सही तरीका क्या है, इसे देखना होगा।

### राजपूत हूं मैं; सिसोदिया ने लिया जाति का सहारा, लालू की पार्टी ने भी घेरा

सुप्रीम कोर्ट ने बीते बुधवार को कहा था कि राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने के उद्देश्य से चुनावी वादे करने से नहीं रोका जा सकता। साथ ही 'फ्रीबीज' शब्द और वास्तविक कल्याणकारी योजनाओं के बीच अंतर को समझना होगा। कोर्ट ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख किया और कहा कि मतदाता मुफ्त सौगात नहीं चाह रहे, बल्कि वे अवसर मिलने पर गरिमामय तरीके से आय अर्जित करना चाहते हैं।

**शिवसेना विवाद**

## पांच जजों की संवैधानिक पीठ को सौंपा गया मामला,गुरुवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली , 23 अगस्त 2022।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना को लेकर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने पांच जजों की संवैधानिक पीठ को मामला सौंपा। गुरुवार तक तक बड़ी बेंच का गठन किया जाएगा। शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता का मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया था। इसके अलावा शिवसेना के चुनाव चिह्न को लेकर दोनों गुटों के बीच झगड़ा है। इन सभी मामलों को अब पांच जजों की पीठ देखेगी। इस मामले में अब परसो सुनवाई होगी।




बता दें कि चुनाव आयोग भी इस मामले में सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई ने का कि संविधान पीठ तय करेगी कि क्या स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लंबित हो तो वो अयोग्यता पर सुनवाई कर सकते हैं। इस दौरान सदन की कार्यवाही कैसे चले। सीजेआई ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र और उसमें चुवान आयोग की क्या भूमिका होनी चाहिए यह संविधान पीठ तय करेगी। ष्छ्ह्ढ ने कहा कि चुनाव चिन्ह को लेकर चुनाव आयोग फैसला करेगा हालांकि अगली सुनवाई तक इस मामले में चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया को रोके रखे।

### क्या है मामला

अयोग्यता की कार्रवाई को लेकर एकनाथ शिंदे गुट के 16 विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। एकनाथ शिंदे गुट की ओर से शिवसेना पर अधिकार का भी दावा किया गया है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इसी मामले में कोर्ट सुनवाई कर रहा है। शिंदे गुट के वकील ने मामले पर संविधान पीठ बनाकर सुनवाई करने की मांग रखी थी।

## भारतीय छात्रों के लिए फिर वीजा शुरू करेगा चीन

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** चीन ने घोषणा की कि वह देश में शिक्षा हासिल करने के इच्छुक छात्रों, खासकर भारतीयों को वीजा जारी करना फिर से शुरू करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय में एशियाई मामलों के विभाग के काउंसलर जी रोंग ने कहा कि भारतीय छात्रों को हार्दिक बधाई! आपका धैर्य सार्थक साबित होता है। मैं वास्तव में आपके उत्साह और खुशी को साझा कर सकता हूं। चीन में आपका स्वागत है । भारत में चीनी दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि उसने 24 अगस्त से लागू होने वाले 'चीन वीजा के आवेदन प्रक्रिया और सामग्री की आवश्यकता' को अपडेट किया है और नई प्रक्रिया के चरणों को साझा किया है। चीन उन छात्रों को वीजा जारी करेगा जो देश में उच्च शैक्षणिक शिक्षा हासिल करना चाहते हैं। इनमें नए और पुराने छात्र भी शामिल हैं और चीन चाहता है कि वे जल्द से जल्द लौट जाएं।



लगभग 23,000 भारतीय छात्र, जिनमें से अधिकांश चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, कोविड वीजा प्रतिबंधों के कारण घर वापस आ गए थे। चीन द्वारा वापस लौटने और अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने के इच्छुक लोगों के नाम मांगे जाने के बाद भारत ने छात्रों की एक सूची प्रस्तुत की थी।

## बीजेपी नेता सोनाली फोगाट का निधन,गोवा में हार्ट अटैक से गई जान

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** भाजपा नेता, बिग बॉस फेम और टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे उस वक्त गोवा में थीं। अपने कुछ स्टाफ सदस्यों के साथ गोवा गई थी। उनके भाई वतन ढाका ने मौत की खबर की पुष्टि की है। उनकी एक बेटी है। वहीं सोनाली फौगाट की मौत की सूचना पर उनका परिवार भूथन से गोवा के लिए रवाना हो गया है। 2016 में सोनाली के पति संजय फौगाट भी फार्म हाउस में मृत मिले थे। फतेहाबाद के भूत्थन खुर्द में ढाका परिवार की बेटी सोनाली 22 से 25 तक अपने पूर्व निर्धारित गोवा टूर पर थी। वे अपने टिकटॉक वीडियो से चर्चा में रहती थीं।



सोनाली ने अपने करियर की शुरुआत साल 2006 में एंकरिंग से की थी। वह हिसार दूरदर्शन के लिए एंकरिंग करती थीं। दो साल बाद 2008 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। 2019 में भाजपा की टिकट पर आदमपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। सोनाली पंजाबी और हरियाणवी फिल्में, म्यूजिक वीडियोज कर चुकी थी। उन्होंने साल 2019 में फिल्म छोरियां छोरों से कम नहीं होती में काम किया था। यह उनकी पहली फिल्म थी। बिग बॉस के दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि उनके पति के निधन के बाद बहुत से लोगों ने उनका मानसिक उत्पीड़न करने की कोशिश की थी। उस समय वे काफी अकेली पड़ गई थीं।

सोनाली किसान आंदोलन के दौरान अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में रही थीं। उन्होंने किसान आंदोलन पर कहा कि कृषि कानून किसानों के फायदे के लिए हैं। किसानों को बरगलाया गया है। केंद्र सरकार को चाहिए कि खुले दिल से इन पर चर्चा करे ताकि किसान इन कानूनों का महत्व समझ सकें। पिछले साल एक अधिकारी को चप्पल मारते हुए उनका वीडियो वायरल हुआ था, जिससे वह चर्चा में आईं। वहीं एक गांव में संबोधन के दौरान भी विवादित टिप्पणी के कारण वह चर्चा में रही थीं।

## बीजेपी विधायक टी.राजा सिंह गिरफ्तार, पैगम्बर मोहम्मद पर की थी टिप्पणी

**हैदराबाद, 23 अगस्त 2022।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी करने का आरोप है। बीजेपी विधायक टी. राजा सिंह ने कथित तौर पर पैगम्बर मोहम्मद को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद से ही लोग गुस्से में थे। हैदराबाद में भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए थे। उसके बाद आज सुबह उन्हें हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया।



पैगम्बर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ कई शिकायतें दी गई थीं। इतना ही नहीं, दबीरपुरा, भवानी नगर, रेनबाजार, मीरचौक पुलिस थानों के बाहर भारी संख्या में लोग शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे। गुस्साए लोगों का कहना था कि उन्होंने एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

दरअसल, टी. राजा ने हाल ही में एक वीडियो अपलोड किया था। इसमें उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद को लेकर टिप्पणी की थी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात को पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद के ऑफिस के सामने और शहर के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। प्रदर्शनकारी उनकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। इस वीडियो में टी. राजा ने कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी और उनकी मां को लेकर भी टिप्पणी की थी।

**दूध का काला कारोबारः**

## डेयरी में केमिकल,शैम्पू और रिफाइंड से बनाया जा रहा था दूध,एसटीएफ ने किया भंडाफोड़

**भिंड, 23 अगस्त 2022।** अभी तक आपने दूध में पानी मिलाने की बात सुनी होंगी, लेकिन मध्यप्रदेश के भिंड जिले से मिलावट का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे जानकर आप चौंक जाएंगे। डेयरी में केमिकल, शैम्पू और रिफाइंड से दूध बनाया जा रहा था। जब ग्वालियर एसटीएफ की टीम ने छापा मारा तब इसका खुलासा हुआ। दरअसल जिले के रहाउली गांव में संचालित राधे डेयरी पर एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर मौके से भारी मात्रा में मिलावटी दूध समेत नकली दूध तैयार करने की सामग्री और कैमिकल्स बरामद किए हैं।



ग्वालियर एसटीएफ के डीएसपी रोबिन जैन ने बताया कि ग्वालियर एसटीएफ को लगातार सूचना मिल रही थी कि यहां नकली और मिलावटी दूध तैयार कर खपाया जा रहा है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के साथ छापा मार कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी मात्रा में नकली दूध बनाने की सामग्री, कैमिकल्स और तैयार मिलावटी दूध पाया गया।

डीएसपी रोबिन जैन ने बताया कि मौके से 5300 लीटर मिलावटी दूध, 50 किलो आरएम कैमिकल, 19 टीन सोयाबीन रिफाइंड ऑइल, 7 किलो कास्टिक सोडा, 15 पाउच शैम्पू, दूध बनाने का घोल, मालडोज पाउडर, न्यूट्रिलाइट रिफाइंड, ऑयल की 19 खाली टीन, दो गैस चूल्हे, गैस सिलेंडर समेत भारी मात्रा में सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस ने फ्लैट में मारा छापा,3 युवतियों के साथ 9 युवकों को पकड़ा,अश्लील फिल्में बनाने का आरोप

**मेरठ, 23 अगस्त 2022।** पुलिस ने Se& Racket की सूचना पर एक फ्लैट में छापा मारा. यहां से तीन युवतियों और नौ युवकों को पकड़ा है. उनके पास से दो कारें और कैमरे भी बरामद किए गए. क्षेत्र के कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि यहां फ्लैट में देह व्यापार चल रहा है. वहीं, पुलिस का कहना है कि युवक-युवतियां यूट्यूबर हैं. वह रील अपलोड करने के लिए वीडियो बना रहे थे. वहीं, नगर निगम के पार्षद ने कहा कि पुलिस ने पूरी जांच किए बिना ही सेटिंग कर आरोपियों को छोड़ दिया. पार्षद का आरोप है कि यहां पर गलत काम करके अश्लील फिल्में बनाई जा रही थीं.

पूरा मामला मेरठ के ब्रह्मपुरी का है. पुलिस ने सरस्वती लोक एफ-ब्लॉक के एक फ्लैट में छापा मारकर तीन युवतियों और नौ युवकों को पकड़ा. ब्रहमपुरी इंस्पेक्टर विष्णु कौशिक ने बताया कि सरस्वती लोक के कुछ लोगों ने फोन किया था. उन्होंने कहा कि फ्लैट के एक कमरे में कई युवक-युवतियां काफी देर से बंद हैं. यहां पर गलत काम हो रहा है. इसके बाद माधवपुरम चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला कुछ पुलिसकर्मियों के साथ सरस्वती लोक पहुंचे. पुलिस टीम ने दावा किया कि अभी तक किसी गलत काम की जानकारी नहीं मिली है. पुलिस यहां से पकड़े गए युवक-युवतियों को थाने ले गई. पूछताछ में दो युवक और युवतियों ने बताया कि वह यूट्यूबर हैं. सभी दोस्त हैं. उनके यूट्यूब चैनल है. सभी मिलकर रील बना रहे थे. पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया.



वहीं, नगर निगम के मनोनीत पार्षद राकेश जैन ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि पुलिस ने पूरी जांच किए बिना ही सेटिंग कर आरोपियों को छोड़ दिया. पार्षद का आरोप है कि यहां पर गलत काम करके अश्लील फिल्में बनाई जा रही थीं. वहीं, एडवोकेट ललित मोहन अग्रवाल ने इस बारे में ब्रह्मपुरी थाने में तहरीर दी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई.

## अभिनेता एवं समाज सेवक सोनू सूद भाजपा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त 2022।** फिल्म अभिनेता होने के साथ कोरोना काल में संकट में फंसे लोगों की सबसे बड़े मददगार बनकर उभरे सोनू सूद के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की खबरें आ रही है। सोनू सून ने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात की है, जिसके बाद से उनके पार्टी में शामिल होने की अटकले हैं ।



कोरोना काल में किसी अभिनेता ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी थी तो वे सोनू सूद थे । इस दौरान उनके अलग-अलग राजनीतिक दलों में शामिल होने की अटकलें लगती रही थी, लेकिन उन्होंने अब तक किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हुए हैं । एक अंतराल से सुर्खियों से दूर रहे सोनू सूद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात के बाद भी चर्चा में हैं । प्रधानमंत्री अथवा गृह मंत्री से मुलाकात की बजाए पार्टी संगठन से जुड़े व्यक्ति से मुलाकात की वजह से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है ।

# संपादकीय

## बिलकीस बानो के सवाल

बलात्कारियों या हत्यारों के प्रति नरम रुख अपनाने वाला समाज असल में धीरे-धीरे खुद को सभ्यता से दूर करता चला जाता है। इसके दुष्परिणाम सभी नागरिकों को भुगतने पड़ते हैं।

गुजरात के 2002 के दंगों की एक प्रमुख शिकार बिलकीस बानो ने अगर कहा है कि भारतीय न्याय व्यवस्था से संरक्षण पाने का उनका भरोसा टूट गया है, तो इसके लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जब किसी देश में न्याय और अपराध की व्याख्या और उन पर अमल ठोस साक्ष्यों के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक- वैचारिक हितों के आधार पर होने लगे, तो उसकी वजह से उत्पीड़ित लोगों से आखिर और क्या अपेक्षा की जा सकती है? बिलकीस बानो का मामला ऐसा नहीं है, जिसमें राहत पाने वाले लोग आरोपी हैं। बल्कि वे सजायाफ्ता हैं, जिनके दंड की पुष्टि सर्वोच्च न्यायालय से हुई थी। फिर गुजरात सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के दिन उन अपराधियों की सजा माफी खुद अपने इस दिशानिर्देश को तोड़ते हुए दी कि बलात्कार और अन्य जघन्य अपराध के दोषी लोगों को सजा माफी नीति का लाभ नहीं मिलेगा। एक दशक पहले सजा माफी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ दिशानिर्देश तय किए थे। तब उसने ऐसे सभी मामलों को न्यायिक समीक्षा के दायरे में ला दिया था। क्या पहली दृष्टि में यह नहीं लगता कि बिलकीस बानों के मामले में लिया गया फैसला तब न्यायालय जिन भावनाओं से प्रेरित था, उनका भी उल्लंघन है?

सजा माफी की इस घटना आज देश के सामने फिर से यह यक्ष प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत आधुनिक न्याय व्यवस्था और कानून के राज के सिद्धांत से चलेगा- या यहां अपराध, न्याय और कानून की धारणाएं सत्ता पक्ष के हितों से तय होंगी? इस बिंदु पर यह बार-बार दोहराई जाने वाली बात फिर से दोहराने की जरूरत है कि किसी समाज में शांति व्यवस्था वहां रहने वाले सभी नागरिकों में संतुष्टि और न्याय पाने की उम्मीद कायम रहने पर निर्भर करती है। समाज के किसी तबके में ऐसी उम्मीद का टूटने लगे, तो वह समाज प्रगति और विकास तो दूर, सामान्य ढंग से रहने की उम्मीद भी नहीं कर सकता। बलात्कारियों या हत्यारों के प्रति नरम रुख अपनाने वाला समाज असल में धीरे-धीरे खुद को सभ्यता से दूर करता चला जाता है। इसके दुष्परिणाम सभी नागरिकों को भुगतने पड़ते हैं।

## मुखौटे



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

चेहरों पे मुखौटे हैं ऐ यार संभलना
हर कदम पे धोखे हैं दिलदार संभलना
माना के गुलिस्तां है गुलों से भरा हुआ
होते हैं कभी साथ में ये ख़ार संभलना
बंधते हैं यहां रिश्ते मतलब की डोर से
खो जाए न कहीं ये ऐतबार संभलना
नकली है ये शाइस्तगी ऐ दिल जरा ठहर
हो जाए न मुनाफ़िक से प्यार संभलना
पतझड़ के नज़ारों को दरख़्तों पे देख के
आती नहीं है मौसम-ए-बहार संभलना

## इंद्रधनुषी संसार



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

दूर क्षितिज के पार
देखो इंद्रधनुषी संसार
आओ हाथ थाम कर
चल चलो चाँद के द्वार
इस पार तो जगत है
उस पार - बस प्यार
मुस्कानों के गहने पहन
सम्मान का कर श्रृंगार
चल चलो चाँद के द्वार
मेरे जन्मजन्मांतर के कर्म
कहीं कभी न पाया मर्म
भवधंध के चक्र तोड़
मेरी बिगड़ी दो संवार
चल चलो चाँद के द्वार
दीनबन्धु, मेरे दीनानाथ
कबहुँ छोड़ना न साथ
मोहे संग ले चलो
मोह-माया देउँ नकार
चल चलो चाँद के द्वार
पाप-पुण्य की किताब
कौन रखे सब हिसाब
अगण्य-नगण्य भूल-चूक
देव तुम्हीं देओ सुधार
चल चलो चाँद के द्वार

## जब तुम आओगे



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

गुलशन में गुल खिलेंगे, जब तुम आओगे।
बन के साथी संग चलेंगे, जब तुम आओगे।
ये असर होगा एक दिन अपनी दुआओं में,
जमीं से आसमां भी मिलेंगे,जब तुम आओगे।
तुम भी याद रखना,हम भी न भूलेंगे कभी,
पलकों पे ख्वाब पलेंगे जब तुम आओगे।
मुझ से सँभाले गए न,मेरे गम ए हालात,
मेरे दिन रात सँभलेंगे, जब तुम आओगे।
यूँ दूर दूर रह के,न बनेगी बिगडी बात,
कुछ न कुछ हल निकलेंगे,जब तुम आओगे।

# जातिवाद के भंवर में उलझा इंसान,इंसानियत को भूल रहा जात-पात और छुआछूत बना इंसानियत का दुश्मन



श्याम कुमार कोलारे,
छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

उस
नन्हे को क्या पता था
कि जाति क्या होती है ?
पानी के पात्र छूने से
मौत की सजा होती है ।

आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके है, जहाँ देश आजादी का अमृत महोत्सव% मना रहा है, लेकिन जात-पात और छुआछूत से आजादी मिलने में अभी शायद फिर से बहुत संघर्ष करना होगा । हम विदेशी शासन से आजादी तो ले चुके है परन्तु हमारे देश में जो उच्च वर्ग कहे जाने वाले जातिवाद के ठेकेदारों से आजादी लेने में अभी कोसों दूर है । एक 9 साल का बच्चा क्या जाने जाति का मतलब ! उसके तो अभी खेलने-कूदने शिक्षा ग्रहण करने के दिन थे । उसने तो स्कूल दाखिला इसलिए लिया होगा की यह से उसे जीवन जीने एवं एक अच्छा इंसान बनने की शिक्षा दी जाएगी । उसे क्या पता था की यह इच्छा इसके लिए जीवन का वलिदान देकर चुकानी पड़ेगी । प्यास बुझाना उस बालक की जैसे मौत की सजा हो गई । जातिवाद के इसी भेदभाव में राजस्थान के जालोर में एक दलित छात्र को अपनी जान गवानी पड़ी । स्कूल में मटके से पानी पीने पर टीचर ने इतनी बेरहमी से पीटा कि छात्र की नस फट गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया । जाती के नाम पर अत्याचार होने की खबर एक मानसिक गुलामी की ओर इंगित करती है । आए दिन सोशल मीडिया एवं न्यूज़ खबरों में पढ़कर मन फट सा जाता है कि हम किस युग में जी रहे है ? एक तरफ अपने कार्य, संस्कृति, रीति-रिवाजों से संपन्न होने का दावा कर देश विश्व गुरु बनने की तैयारी कर रहा है और दूसरी ओर जाती के नाम पर मासूमों से लेकर बूढ़ों को भी सताया जा रहा है । क्या हमारे देश में इंसानियत से ज्यादा जाति को महत्व दिया जा रहा है, क्या जाति इंसानियत पर इतनी भारी है कि इंसान को इंसान न समझकर उसे पशु से भी बदतर समझा जाता है । यदि ऐसा है तो हमें इंसानियत के पाठ को पढने की फिर से जरूरत है ।

हर स्कूल में और शिक्षा संस्थानों में इंसानियत का पाठ को सर्वोपरि से सिखाया व उस पर अमल करने को लेकर नियम बनाया जाना चाहिए जिसका कड़ाई से पालन किया जाये । सभी धर्म ग्रंथो में गुरु की महिमा को सर्वोपरि एवं उच्च स्थान प्राप्त है, गुरु अपने विद्यार्थिओं के भविष्य निर्माता होता है परन्तु एक गुरु ही जाति के नाम पर भेदभाव करना प्रारंभ कर दे तो विद्यार्थियो में इसकी क्या छाप होगी, इसे सोचकर मन बैठ सा जाता है । इन्द्र नाम के दलित बच्चा पर हुए अत्याचार की घटना ने देश के सामने दलितों पर हो रहे अत्याचार की एक छोटी सी तस्वीर उजाकर की है, यदि इसकी मौत नही होती तो शायद ये अत्याचार चारदिबारी में कही दफन हो जाता । ऐसी हजारो घटनाये रोजाना घटती है जहाँ बेचारा बच्चा डर के कारण अपना मुंह तक नहीं खोल पाता है और इस प्रकार का जातिगत भेदभाव को अपना भाग्य मानकर सहने की आदत डाल लेता है ।

कबीरदास के इस दोहा में गूंढ़ विचार एवं भाव को स्पष्ट करते हुए कहा है -
÷कबीरा कुआँ एक हैं पानी भरैं अनेक ।
बर्तन में ही भेद है, पानी सबमें एक÷ ।।

आज जाति ने लोगों के मन को ऐसे गुलाम कर दिया है कि मानसिक कुंठा से ग्रसित लोग इसके बाहर जाने की चेष्टा तक नहीं कर पा रहे है । क्या जाति के आधार पर मनुष्य पहचाना जाए? क्या ये ईश्वर के बनाए गए नियमों के अनुरूप है! हम किस ज़माने में जी रहे है इस पर विचार करने की नित्तांत आवश्यकता है । जाति के आधार पर आप किसी की क्षमता, कौशल, ज्ञान आदि की तुलना नहीं कर सकते । सभी को सामान अवसर एवं एक सा माहौल मिले तो मनुष्य के लिए कोई कामम छोटा या बड़ा नही होगा । मौका एवं अवसर मिलने पर बहुत से पिछड़े एवं अभावग्रस्त लोगों ने अपनी क्षमता को साबित करके भी दिखाया है । जाति के कूपमंडूक एवं पिछड़ी विचारधारा से ग्रसित लोगो को इस कुंठित मानसिकता से निकालने के लिए कठोर से कठोर नियम तो बनाये गए है परन्तु जाति की गुलामी से निकाद्यने के लिए नई पीढ़ी को आगे होना होगा और इस प्रकार की मानसिकता के लोगो से आस्तिकता के साथ वास्तविकता को सही तरीके से जरुरत है । किसी मनुष्य को उसकी जाती से नहीं वल्कि उसके गुण कौशल और सामाजिक एवं पारिवारिक नाम से उसकी पहचान हो परन्तु जाति उसकी पहचान की उच्च-निम्न की परिभाषा न बने इसका ध्यान रखना होगा तभी भारत वास्तविक आजादी का जश्न मना सकेगा अन्यथा ऐसी घटना न्यूज़ पेपर एवं सोशल मीडिया के कवर पेज की शोभा बनते रहेगी ।

जाति है कि जाती नहीं,
प्यासे की प्यास बुझती नहीं,
बड़ा अभिमान था इंसान होने का उसे,
जब इंसान को देखा इंसान में
उसमे इंसान था ही नहीं ।

# भविष्य के लिए थोड़ा बहुत लोकतंत्र तो बचा रहने दीजिए ?



संजीव ठाकुर,
रायपुर
छत्तीसगढ़,

राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्टीय स्तर पर चुनाव की सांध्य बेला पर सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्टपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्टपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। पर लखीमपुर खीरी, सिंघु बॉर्डर और जशपुर,भोपाल में हिंसक घटनाओं को देखते हुए लगता है कि सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए हैं। लखीमपुर खीरी की विभत्स घटना जिसमें 7 लोगों को वाहन से रोड पर कुचल कर मार दिया गया इनमें से कुछ लोगों को भीड़ ने पीट-पीटकर ही मार दिया एक बेचारा निर्भीक पत्रकार इस हिंसा की बलि चढ़ गया। सिंधु बॉर्डर में कुछ निहंगो ने एक निर्दोष व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या कर दी। जशपुर में भीड़ पर गाड़ी चला कर कुछ लोगों की कुचल कर हत्या कर दी, सबसे ताजा घटना महाराष्ट में तख्तापलट एवं अन्य राज्यों में सत्ता को हिलाने का प्रयास लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की सबसे निचले स्तर की कार्रवाई मानी जाएगी। दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।

# कश्मीर को अछूत क्यों बना रहे हैं?

जम्मू-कश्मीर को लेकर अब एक और नया विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में रहनेवाले अन्य प्रांतों के नागरिकों को अब वोट डालने का अधिकार मिलनेवाला है। जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे धारा 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है।

उनका मानना है कि केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा यह कार्य अगला चुनाव जीतने का भाजपाई पैतरा भर है लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर का असली चरित्र नष्ट हो जाएगा। सारे भारत की जनता कश्मीर पर टूट पड़ेगी और कश्मीरी मुसलमान अपने ही प्रांत में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। इस वक्त वहां की स्थानीय मतदाताओं की संख्या लगभग 76 लाख है। यदि उसमें 25 लाख नए मतदाता जुड़ गए तो उन बाहरी लोगों का थोक वोट भाजपा को मिलेगा।

जम्मू के भी ज्यादातर वोटर भाजपा का ही साथ देंगे। ऐसे में कश्मीर की परंपरागत प्रभावशाली पार्टियां हमेशा के लिए हाशिए में चली जाएंगी। पहले ही निर्वाचन-क्षेत्रों के फेर-बदल के कारण घाटी की सीटें कम हो गई हैं। इसी का विरोध करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भाजपा को छोड़कर सभी दलों की एक बैठक भी बुलाई है। पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती भी काफी गुस्से में नजर आ रही हैं।

इन कश्मीरी नेताओं का गुस्सा बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि नेता लोग राजनीति में आते ही इसीलिए हैं कि उन्हें येन-केन-प्रकरेण सत्ता-सुख भोगना होता है। केंद्र सरकार इधर जो भी सुधार वहां कर रही है, वह उन नेताओं को बिगाड़ के अलावा कुछ नहीं लगता। ऐसे में इन कश्मीरी नेताओं से मेरा निवेदन है कि वे अपनी दृष्टि ज़रा व्यापक क्यों नहीं करते हैं?

यदि कश्मीरी नेता देश के गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत और केंद्र सरकार के पूर्ण सचिव बन सकते हैं तथा कश्मीरी नागरिक देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं और वोट डाल सकते हैं तो यही अधिकार गैर-कश्मीरी नागरिकों को कश्मीर में दिए जाने का विरोध क्यों होना चाहिए? देश के जैसे अन्य प्रांत, वैसा ही कश्मीर भी। वह कुछ कम और कुछ ज्यादा क्यों रहे?

यदि कश्मीरी लोग देश के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं तो देश के कोई भी नागरिक कश्मीर में जमीन क्यों नहीं खरीद सकते? हमारे कश्मीरी नेता कश्मीर जैसे सुंदर और शानदार प्रांत को अन्य भारतीयों के लिए अछूत बनाकर क्यों रखना चाहते हैं? मैं तो वह दिन देखने को तरस रहा हूं कि जबकि कोई पक्का कश्मीरी मुसलमान भारत का राष्टपति या प्रधानमंत्री बन जाएं।

**-वेद प्रताप वैदिक-**

# मानसिकता का आधुनिकरण



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर,कर्नाटक

नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति अर्थात, महिलाएं समाज की आदर्श शिल्पकार होती हैं।

लेकिन आजकल की कुछ महिलाएँ शिल्पकार नहीं संस्कार विहीन होती है। क्यूँकि सभ्यता और संस्कार का अग्निसंस्कार सिर्फ़ कुछ मर्दों ने ही नहीं कर दिया, अब इस मामले में औरतें भी दो कदम आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। शराब पीना, सिगरेट पीना, ड्रग्स का नशा तो बड़े शहरों की लड़कियों के लिए आम हो ही गई है। अब बात-बात पर माँ, बहन वाली गाली देना शायद फैशन बन गई है। वो भी महिलाओं के मुख से जब सुनते है तब ये मुद्दा सोचने पर मजबूर कर देता है कि, आने वाली पीढ़ी को हम क्या देकर जाएँगे। जो महिलाएँ ऐसी गंदी गालियाँ बकती है उनके बच्चे भी अवश्य सीखेंगे। धज्जियां उड़ा कर रख दी है सभ्यता की।

हम बात-बात पर गालियाँ उगलने वाले मर्दों को कोसते है। कहीं सुन ले तो नज़र अंदाज़ करते शर्म के मारे निकल जाते है।

औरतों को उमा दुर्गा और लक्ष्मी का रुप माना जाता है। नारी संसार रथ की सारथी है, संस्कारों की खान होती है। कैसे कोई महिला के मुँह से गाली निकल सकती है?

आजकल सोशल मीडिया पर एक महिला का विडियो खूब वायरल हो रहा है जो नोएडा के सेक्टर 126 की जेपी सोसायटी का है। जहाँ एक गार्ड को गेट खोलने में थोड़ी सी देरी हो जाती है। यह देख महिला गार्ड पर भड़क उठती है, आग बबूला होकर महिला गार्ड के साथ बदतमीजी शुरू कर देती है। गार्ड को वह भद्दी-भद्दी गालियां देती है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला वहाँ मौजूद अन्य गार्डों को भी अपशब्द कहती है। एक गार्ड को पकड़कर वह धक्का-मुक्की करती भी दिखाई देती है। वीडियो में महिला गार्ड की ओर हाथ दिखाते हुए कहती हुई सुनाई दे रही है कि, संभालो इन बिहारियों को। वहां मौजूद एक गार्ड ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। जिसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

खुद को आधुनिक और बोल्ड कहलाने के चक्कर में औरतें तमीज़ का दायरा लाँघ रही है। ऐसा भी नहीं है कि ये सिर्फ़ फिल्मों में ही दिखाया जाता है, असल ज़िंदगी में भी बहुत-सी लड़कियां बिना किसी हिचक के माँ-बहन वाली गालियां देती है ये विडियो उसका ही प्रमाण है। फिल्मि बनाने वाले तो ये कहकर छटक जाते है कि वो वही दिखा रहे है जो समाज में हो रहा है। लेकिन महिलाएँ महिला विरोधी गालियाँ क्यों देती है? शायद इसकी एक वजह ये हो सकती है कि खुद को %कूल% या मर्दों के बराबर साबित करना चाहती है। या उन्हें लगता है कि अगर मर्द गाली दे सकते हैं तो हम क्यों नहीं? ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ़ शहरों की पढ़ी-लिखी औरतें ही गालियां देती है, गाँवों की महिलाएँ भी खूब गालियां देती है। लेकिन गाँव की कम पढ़ी-लिखी औरतों की समझ शायद इतनी नहीं होती कि वो पितृसत्ता, मर्दों के वर्चस्व और महिलाविरोधी शब्दों का मतलब समझ सकें।

या फिर ये शायद वेब सीरिज़ों का असर है। आजकल बन रही वेब सीरिज़ों में बिना बात के औरतों को भी गालियाँ बकती दिखा रहे है। वो भी छोटी-मोटी नहीं, मर्द भी बोलने से पहले सौ बार सोचे ऐसी वाली। लोगों को अपने व्यक्तित्व की रत्ती भर भी परवाह नहीं। बच्चों पर, समाज पर उनकी हरकतों का क्या असर पड़ेगा, या परिणाम क्या होगा इसके बारे में सोचने की दरकार भी नहीं। लिहाज़ और बोली स्त्री के व्यक्तित्व का आईना होते है जो एक नारी को गरिमामयी बनाते है। खैर परिवर्तन संसार का नियम है, नारी के मुँह से निकलती गाली को वक्त के साथ औरतों की मानसिकता का आधुनिकीकरण ही कह सकते है।

# संघ के संगठनों का क्या मतलब

केंद्र में जब भी भाजपा की सरकार बनती है तो पार्टी, सरकार और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के रिश्तों को लेकर खूब चर्चा होती है। विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती हैं कि सरकार संघ के एजेंडे पर काम कर रही है। आजकल यहीं आरोप राहुल गांधी लगाते हैं। वे हर जगह कहते हैं कि उनको संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ना है। वे हर जगह कहते हैं कि देश की सारी संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है, वहां संघ के लोगों को बैठाया जा रहा है। राहुल ने कई बार कहा कि देश की हर संस्था में संघ का एक आदमी बैठा है। हो सकता है कि संस्थाओं में संघ के लोगों की नियुक्ति हुई हो। आखिर केंद्र सरकार को कहीं न कहीं से तो लोग लाकर संस्थाओं में रखने हैं तो संभव है कि संघ से लोग लाए गए हों। लेकिन इन लोगों का नीतिगत मामलों में कोई दखल होता है या कोई बड़ा फैसला करते हैं, ऐसा नहीं है।

चाहे संघ की ओर से नियुक्त कराए लोग हों या संघ के संगठन हों उनका कोई मतलब नहीं रह गया है। सारे नीतिगत फैसले सरकार करती है और उसका संघ की विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं होता है। तभी संघ की संस्थाएं आर्थिक नीतियों से लेकर कृषि नीति, श्रम नीति, विनिवेश नीति आदि का विरोध करती रही हैं और सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। एक जमाना था, जब स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जैसे संगठन खूब सक्रिय थे। देश भर में लोग अशोक सिंघल और प्रवीण तोगड़िया को जानते थे। लेकिन आज किसी को पता नहीं है कि ये संगठन कौन चला रहा है, इनका एजेंडा क्या है और कार्यक्रम क्या हैं।

मिसाल के तौर पर स्वदेशी जागरण मंच को देखें। वैश्वीकरण के हल्ले के समय इसका गठन किया गया था। दत्तोपंत ठेंगड़ी, मदनदास देवी, एस गुरुमूर्ति आदि के साथ मुरलीधर राव भी इसमें शामिल थे। भाजपा में जाने से पहले उन्होंने कई साल इस संगठन को चलाया। लेकिन आज मुरलीधर राव कहां हैं और यह संगठन कहां है! इस संगठन का गठन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और छोटे कारोबारियों को बचाने के लिए हुआ था। इसने आर्थिक मामलों में जितनी राय दी, जो सुझाव दिए लगभग सब मोदी सरकार ने कूडेदानी में फेंक दिए। सरकार ने किसी पर ध्यान नहीं दिया। स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया को बेचने का विरोध किया था। मंच का कहना था कि एयर इंडिया के पास बेहिसाब संपत्ति है और सरकार को उसमें से कुछ संपत्ति बेच कर पैसे का इंतजाम करना चाहिए ताकि एक राष्ट्रीय विमानन सेवा चलती रह सके। लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। सीधे सीधे राष्ट्रीय विमानन कंपनी को लगभग मुफ्त में टाटा समूह को दो दिया गया।

इसी तरह स्वदेशी जागरण मंच बरसों से इस बात का आंदोलन चला रहा है कि चीन की कंपनियों को भारत में ठेका देना बंद करना चाहिए। चीन के साथ कारोबार कम करने के लिए मंच का आंदोलन चलता है। लेकिन सरकार उलटे ज्यादा से ज्यादा ठेका चीनी कंपनियों को दे रही है और चीन के साथ भारत का कारोबार बढ़ता ही जा रहा है। भारी घाटे के बावजूद चीन के साथ भारत का कारोबार पहली बार एक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का हुआ है। चीन की कंपनियां भारत में खुल कर कारोबार कर रही हैं। यहां तक कि ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भी चीन के निवेश वाली कंपनियों को जगह मिली है। ऐसे ही मंच ने अमेजन और फिलपकार्ट जैसी कंपनियों को रोकने के लिए आंदोलन किए। उनका कहना था कि इससे देश के छोटे कारोबारियों को बड़ा नुकसान होगा। लेकिन रोकने की बजाय विदेशी रिटेल कंपनियों को कई तरह की छूट दी गई।

**-हरिशंकर व्यास-**

## फौजी भारत का



रवींद्र कुमार शर्मा
बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

फौजी मेरे भारत का
कभी नहीं घबराता है
सीने पर खाता है गोली
पीठ नहीं दिखलाता है
देश के दुश्मन जो
फैलाना चाहते है आतंकबाद
सर्जिकल स्ट्राइक करके उन्हें
औकात दिखाता है
सियाचिन ग्लेसियर की खून
ज़माने बाली ठंड हो
या राजस्थान का
जलता हुआ हो रेगिस्तान
करता है मुकाबला
सभी परिस्थितियों से
खड़ा रहता है बहादुरी से
हमेशा सीना तान
न बम्म से डरता है
न गोली से घबराता है
मुश्किल के समय पर भी
गजब का हौसला दिखाता है
सब्र का बांध जब टूट जाता है
उसकी शहनशीलता का
दुश्मन के घर पर
सर्जिकल स्ट्राइक कर के आता है
सरहद पर जब छिड़ जाती है लड़ाई
बाज सी नज़र गड़ाए
करता है रखवाली
फौजी को केवल
भारत माता नज़र आती है
जब लोग मना रहे होते हैं
होली और दीवाली
न घर की चिंता न
दुश्मन का भय सताता है
बस भारत माता से
दिल का गहरा नाता है
कर देता है वतन पर
जान कुर्बान अपनी
लौटकर फिर घर तिरंगे में
लिपटा आता है

## कभी-कभी



गरिमा राकेश
गौत्तम गर्विता
कोटा राजस्थान

कभी -कभी
यूँ ही बेवजह,
मुझसे ढेर सारी बाते
किया करो ना,
यूँ हर समय व्यस्त
मत रहा करो ना।
कभी -कभी
यूँ ही बेवजह
मुझे लंबी सैर कराया करो ना,
यूँ हर समय काम का गीत मत
गाया करो ना।
कभी -कभी
यूँ ही बेवजह
मेरी अलकों को
उलझाया करो ना,
यूँ हर समय दोस्तों में
मत उलझा करो ना।
काम तुम भी करते हो,
काम मैं भी करती हूँ।
थकते तुम भी हो,
थकती मैं भी हूँ।
तो छोड़ पुरुषत्व के अहम को,
कभी -कभी
मेरे काम को भी
मान दे दिया करो ना।
कभी- कभी
यूँ ही बेवजह........।

## यकीन



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

करने लगी हूँ तुम पर
खुद से भी ज्यादा यकीन।
तुमने ही पुष्पित की है
मेरे ह्रदय की यह जमीन ।
तुम्हारी खुशबू बिखरी है
इन मदमस्त फिजाओं में।
तेरी ही आवाज सुनती हूँ
गीत गाती इन हवाओं में।
अक्स तेरा ही देखती हूँ
बादलों में और घटाओं में।
नहीं है कोई तुमसा सनम
इस दुनिया में हसीन ।
करने लगी हूँ तुम पर
खुद से भी ज़्यादा यकीन...
पाक़ीज़ा है बहुत तुम्हारा
यह बेदाग किरदार ।
आता है तुम पर मुझे
हरदम ही सनम प्यार ।
तुम्हें देखने को आँखें
रहती हैं हरदम बेकरार।
देखा नहीं पहले कोई
तुमसा मैंने जहीन।
करने लगी हूँ तुम पर
खुद से भी ज़्यादा यकीन...
नज़रों से दूर होकर भी
सदा मेरे पास हो तुम।
प्यार का खुशनुमा सा
कोई एहसास हो तुम ।
ज़िंदगी का कीमती तोहफ़ा
बेहद खास हो तुम।
बाँध लिया है जिसने मेरा मन
धागा प्रेम का है वो महीन।
करने लगी हूँ तुम पर
ख़ुद से भी ज़्यादा यकीन...

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# सीएम के जन्मदिन पर किया गया वृक्षारोपण

## स्वच्छता दीदियों व वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान




-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 61 वें जन्म दिवस को सरगुजा अंबिकापुर में धूमधाम से मनाया गया।सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय बंसल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल की उपस्थिति में नगर के वन विभाग के काष्ठागार में बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं नगर निगम सभापति अजय अग्रवाल,सरगुजा रेंज आईजी अजय यादव,सीसीएफ सरगुजा अनुराग श्रीवास्तव, डीएफओ पंकज कमल,जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार,एसपी सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता,नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई,एसडीएम प्रदीप साहू के द्वारा वृक्षारोपण कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्म दिवस मनाया गया। उक्त सभी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दीर्घायु होने की कामना की एवं शुभकामनाएं दी है।वृक्षारोपण स्थल पर माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चों ने हाथ में सैकड़ों बैलून पकड़ कर मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट किया एवं एक साथ गुब्बारा उड़ाकर खुशियां मनाई। बच्चों ने भी मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने को लेकर प्रेयर किया।इस दौरान सरगुजा रेंज आईजी अजय कुमार यादव एवं एसपी भावना गुप्ता ने स्कूली बच्चों से बातचीत किया एवं उनके साथ फोटो सेशन कराया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम उपरांत काष्ठागार परिसर में ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा 600 से अधिक स्वच्छता दीदियों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी सीताराम अग्रवाल,श्रवण कुमार, राधेश्याम अग्रवाल को शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय बंसल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हरियाली व स्वच्छता काफी पसंद है इसलिए उनके 61वें जन्मदिन पर काष्ठागार में 61 प्रकार के फलदार वह औषधि पौधों का रोपण किया गया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

### अंबिकापुर शहर में जगह-जगह लगे बैनर पोस्टर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन को मनाने कांग्रेस के नेताओं ने कई दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी विगत 22 अगस्त से पूरे अम्बिकापुर शहर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाया गया है। शहर में आज 23 अगस्त को जगह जगह मुख्यमंत्री के जन्मदिन को हर्ष उल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। नगर के घड़ी चौक में युवा कांग्रेस के नेताओं द्वारा धूमधाम से मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया।

वृक्षारोपण व सम्मान समारोह कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रणविजय सिंह तोमर,नुरुल अमीन सिद्दीकी,श्याम शर्मा,नीरज पांडे,मनीष गोयल,मनीष ली, इस्तियाक बउआ खान,आशीष मंगल,रविंद्र दुबे,राजेश सरदार,मुकुंद मनी, राम गोयल,राधे गोयल,डीडीसी भारत सिंह,एसपी कश्यप, नाटा सोनी सहित जिला प्रशासन,पुलिस विभाग व वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण विषम परिस्थितियों से जूझ देश




-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय के समक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर केंद्र की भाजपानीत सरकार की गलत नीतियों के कारण देश मे बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में आज महंगाई चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेसजन और ग्रामीण उपस्थित हुए। जिसमें वक्ताओं ने वर्तमान परिवेश में देश की स्थिति और बढ़ती हुई महंगाई पर व्यापक चर्चा कीतथा इस मुद्दों को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। महंगाई चौपाल को संबोधित करते हुए औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि आज देश की आर्थिक हालत अत्यंत दयनीय वचिंताजनक हो गई है भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश विषम परिस्थितियों से जूझ रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि मंगाई मुद्दा कांग्रेस का आंदोलन नहीं है यह वास्तव में जनता का आंदोलन है भाजपा के लोग ठीक कहते हैं कि 70 साल में जो काम कांग्रेसमें नहीं किया वह काम उनकी सरकार ने दूध दही आटे और जीवन रक्षक दवाइयों मेडिकल ऑपरेटर तथा कृत्रिम सांस लेने पर भी जीएसटी टैक्स लगा कर दिखा दिया अपने आप को रामकृष्ण का कट्टर भक्त कहने वाले लोगों ने जुमला गिरी करके देश के लोगों का जीवन मुसीबत में डाल दिया है वह दिन दूर नहीं जब लोग भुखमरी के शिकार होंगे नगर के महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि आज महंगाई के कारण कई परिवार टूटने के कगार पर पहुंच गए हैं क्योंकि कमाने वाला मुखिया की कमाई इस महंगाई के दौर में घर का खाना पीना और बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा नहीं उठाया जा सकता। इस कारण परिवार में कलह और लड़ाई झगड़े बढ़ रहे हैं। भाजपा नीत सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की एकता अखंडता खतरे में पड़ गई है मुझे तो डर लगता है कि यह देश अराजकता की स्थिति में सोवियत संघ की तरह टुकड़ों में न बिखर जाए। महंगाई चौपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि महंगाई की दर सन 2014 में 156 लाख करोड़ थी वही 2 साल के अंदर 2016-17 में 146 लाख करोड़ घट गई । इस तरह जीडीपी करोनाकाल आने के पहले ही धड़ाम से नीचे गिरन शुरू हो गया था न तो लोगों को रोजगार मिला और न ही रहने के लिए घर। जो 75 सालों में नहीं हुआ वह भाजपा के इन 8 सालों के राज में बैंकों को लूटने का काम बहुत जोरदार ढंग से हुआ ,बैंकों को कंगाल बना दियेऔर इनमें ज्यादातर लोग मोदी जी के प्रदेश गुजरात के लोग थे।फिर इनके सहयोग से विदेश भाग गए। श्री मिश्र ने कहा कि अनेकों सार्वजनिक उपक्रम और संविधानिक संस्थाएं आन बान शान के साथ कांग्रेस ने देश मे खड़े किए थे जो देश को विकास के रास्ते ले जा रहे थे । उन्हें मोदी जी ने निजीकरण के नाम पर अपने दोस्तों के हवाले कर दिया। आज ये उद्योगपति इतने मजबूत हो गए हैं कि सत्ता में असली भागीदारी निभा रहे हैं और देश को खोखला कर रहे हैं यदि समय रहते महंगाई को कंट्रोल नहीं किया गया तो आने वाले कल में देश में अराजकता ,असामाजिक गतिविधियां,चोरी, लूटपाट और अन्य अपराध तेजी से बढ़ते जाएंगे जिससे देश में समरसता

सदभावना और शांति भंग की संभावना बढ़ जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने महंगाई चौपाल में कहा कि आसमान से जो सांस ले रहे हैं उसे छोड़कर बाकी सब चीजों पर भाजपा नीत सरकार ने टैक्स लगा दिया है ।महंगाई के कारण इंसान का जीना दूभर हो गया आम जनता की बुनियादी जरूरत रोटी कपड़ा और मकान भी जीएसटी में दायरे में आ गया है किसान तबाह है उससे मिलने वाली सभी खाद्य और दवाइयां तथा अन्य कृषि उपकरण टेक्स के कारण अब महंगे दाम पर मिल रहे हैं। इसलिए उनके उपजकी लागत दाम भी बहुत ज्यादा हो गया है ।इससे उनकी आर्थिक हालत बिगड़ती जा रही है।। महंगाई चौपाल को इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी बसंत पांडे ,अरुण मिश्रा, सत्येंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ,अशफाक अली, हेमंती प्रजापति, मधु दिक्षित ,मदन जयसवाल, रजनी सिंह, अविनाश, सौरभ पांडे, मिथुन सिंह,साधना कश्यप आदि ने भी संबोधित किया महंगाई चौपाल का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता ने सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय शर्मा व श्रीमती वायुश्री सिंह, अनूप मेहता, गुरप्रीत सिंह,काजू खान, अनिल सिंह, शकीला सिद्दीकी, पंकज शुक्ला,राजू ,अशोक अग्रवाल, नितिन चौरसिया, उत्तम राजवाड़े ,संजय सिंह, चुनना भाई, पार्षदगण गीता रजक, गीता श्रीवास्तव, गीता प्रजापति, मालती सिंह तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# घर से लापता व्यक्ति का शव जंगल में पेड़ पर फांसी पर झूलते मिला



-संवाददाता-

**उदयपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** ग्राम जजगा निवासी जयलाल कंवर पिता स्व रामसुंदर कंवर सोमवार को दोपहर से बिना बताए लापता था। जोकि देर शाम रात तक घर नहीं लौटा था।

मंगलवार को सुबह ग्राम पंचायत सोनतराई के सरपंच नवल सिंह ने उदयपुर थाना आकर सूचना दिया की ग्राम डूमरडीह के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी में महुआ पेड़ पर लटका हुआ है। घटना की सूचना पर 112 की टीम मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया तथा अज्ञात शव होने पर मृतक का फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल किया गया।

मृतक की शिनाख्त जजगा निवासी जयलाल कंवर होने पर परिजनों को घटना स्थल बुलाकर शव का पंचनामा कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया की चार पांच दिन से जयलाल की हालत ठीक नहीं थी। गाड़ी की आवाज सुनकर वह भागने लगता था।

# आद्य महालक्ष्मी चेतना रथ यात्रा का उदयपुर आगमन किया भव्य स्वागत



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** आदि महालक्ष्मी चेतना रथ यात्रा यात्रा का उदयपुर आगमन हुआ सर्वप्रथम सूरजपुर से रथ यात्रा सोनतराई (अशोक बंसल के निवास) पहुंची जहां अग्रवाल सभा उदयपुर एवं डांडगांव के अग्रजनो , महिला सभा, युवा मंच द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत,पूजा अर्चना किया गया,तत्पश्चात रथयात्रा बाइक और कार रैली में उदयपुर (देशराज बंसल के निवास) पहुंची जहा अग्रवाल सभा उदयपुर, शारदा महिला मंडल एवं उदयपुर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत पूजा अर्चना किया गया साथ ही रथयात्रा का नगर भ्रमण भी किया गया और रथयात्रा को लखनपुर के लिए रवाना किया गया , इस दौरान सर्वश्री ओमप्रकाश अग्रवाल , सुरेश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल,केशव अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, मदन अग्रवाल,सुरेश बंसल, अशोक बंसल, सतीश अग्रवाल,कृष्ण अग्रवाल,मुकेश गोयल, सचिन बंसल(अग्रवाल सभा डांडगांव)साधुराम बंसल, देशराज बंसल, बाबूराम अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल,विजय बंसल, दीपक सिंघल, आशीष अग्रवाल,अरुण अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अभिषेक, अंकित,श्याम, शशांक,आयुष,अमन, एवम महिला सभा तथा शारदा महिला मंडल एवं नगरवासी शामिल थे

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने निकाली किसान सम्मान यात्रा




-संवाददाता-

**कुसमी 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन के अवसर पर युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने कुछ अलग अंदाज में कुसमी में मनाया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन ,दरसल युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुजस्सम नजर ने बताया की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री किसान हितैषी है, किसानों के लिए उन्होंने कर्जा माफ किया, समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है, गोधन न्याय योजना के तहत गोबर और गोमूत्र की खरीदी की जा रही है,मुख्यमंत्री की किसान हितैषी सोच की वजह से

क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर किसान न्याय यात्रा निकाली गई, जो की कुसमी कृषि मंडी से शुरू हो कर बाबा चौक तक यात्रा निकाली गई,इसके पश्चात संसदीय सचिव चिन्तामणी महराज के कार्यालय में किसानों और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन भगत, पूर्व नप उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, अरविंद तिवारी, बालेश्वर राम,मुजस्सम नजर, सोनू अली, वाहिद आलम, पूर्णिमा सेमरिया, सैफ अली, मिथलेश गुप्ता, विक्रम गुप्ता, दीपक बुनकर, प्रकाश भगत, मन्नान खान सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्र के किसान शामिल हुये।

# फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर उनके लिए सद्बुद्धि यज्ञ कर जताया विरोध

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** केंद्र के समान महंगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ते की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी के अनिश्तिकालीन हड़ताल का मंगलवार को दूसरा दिन है। अधिकारी-कर्मचारियों ने धरनास्थल पर जहां एक ओर मुख्यमंत्री भूपेश अघेल के जन्म दिवस पर उनके लिए सद्बुद्धि यज्ञ कर हवन पूजन किया। वहीं दूसरी ओर अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शासकीय दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार हो होने वाली टीएल मीटिंग में भी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं के बराकर दिखी। मीटिंग में केवल गिनती के ही अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। वहीं आवेदन जमा करने के लिए अधिकारियों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की लगाई गई थी।

गौरतलब है कि अधिकारी-कर्मचारी अपने गृह भाड़ा भत्ता एवं महंगाई भत्ता की मांग को लेकर आन्दोलनरत हैं। आंदोलन का मंगलवार को दूसरा दिन है और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्म दिन भी है। इस अवसर पर हड़ताली अधिकारी-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर धरनास्थल पर ही सद्बुद्धि यज्ञ किया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने हवन पूजन कर मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि की कामना की। इसके बाद धरना-स्थल पर लोगों ने अपने विचार व्यक्त कर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के सक्रिय सहयोग से फेडरेशन के बैनर तले यह अनिश्चितकालीन आन्दोलन 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं गृहभाड़ा 7वें वेतनमान के समान की मांग को लेकर अनवरत जारी है।



धरने में प्रमुख रूप से फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय, जिला संयोजक कमलेश सोनी, राजस्व निरीक्षक संघ से संजय सिंह, राजस्व पटवारी संघ से श्रीकांत चौबे, अमितेश स्वर्णकार, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ से प्रमोद सिंह, राजपत्रित अधिकारी संघ से सीके मिश्रा, लघुवेतन कर्मचारी संघ से विजेपेन्द्र यादव यादव, वन कर्मचारी संघ से अजीत सिंह, शिक्षक संघ से राकेश मिश्रा, अनिल सिंह, बबन राय, नायब तहसीलदार-तहसीलदार संघ से जिलाध्यक्ष मण्डावी संभागीय अध्यक्ष संजय राठौर, न्यायिक कर्मचारी संघ से राकेश सोनी अध्यक्ष सहित 4 अधिकारीगण, डिप्लोमा अभियंता संघ से अध्यक्ष आलोक सिंह, लक्ष्मण राव, एलएल मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय सिंह, लखनपुर से लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ से दुर्गेश सिन्हा, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष आनंद सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# तीन दिवसीय शतरंज शिविर का शुभारंभ

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** शंकरगढ़. स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में शतरंज प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव हीरालाल यादव, विद्यालयीन सासंद प्रतिनिधि राम बाबू भारती एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव सरोज कुमार वैष्णव की उपस्थिति में हुआ। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के 24 चयनित बालक, बालिकाएं भाग ले रही हैं। चेस इन स्कूल की संयोजक एवं प्राचार्य शासकीय बालक उमा विद्यालय शंकरगढ़ सुषमा सोनी ने बताया की यह प्रशिक्षण एआइसीएफ के ईकाई वार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 14 जनवरी तक चलेगा। और अगले महीनों में यह शिविर दस दिवसीय होंगे। मुख्य अतिथि हीरालाल यादव ने अपने उद्बोधन में बताया की शंकरगढ़ का विद्यालय देश के चुनिंदा 60 विद्यालयों में एक है। और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा चेस इन ट्राइवल योजना को भी स्वीकृति दी गयी हैं जिसमें सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों को बाहर प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु हर प्रकार की सहायता प्रदान की जायेगी।



मुख्य प्रशिक्षक रांकी देवांगन भिलाई ने शतरंज से होने वाले बौद्धिक विकास, व्यक्तित्व निर्माण और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लाभ के बारे बताया।

जिला शतरंज संघ सरगुजा के सचिव विश्वास तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज अन्य खेलों से अधिक सुविधाजक हैं। जहां खेल मैदान का अभाव हो वहां शतरंज अच्छा विकल्प है। मौसम से भी अप्रभावित रहता है। शतरंज धैर्य और सूझ-बूझ के साथ जीवन की चुनौतियों से लडऩा सिखाती है। सहायक प्रशिक्षक राकेश कश्यप ने शंकरगढ़ के विद्यार्थियों के शतरंज के प्रति उत्साह और सीखने के ललक की भी प्रशंसा की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रबन्ध एवं सहयोग बलदेव सोनवानी बालक उमा विद्यालय, सरोज सिंह, स्वामी आत्मानंद विद्यालय और राम कुमार, शाबालिका विद्यालय द्वारा व्यस्थित ढंग से किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला बलरामपुर के सचिव सरोज वैष्णव ने दी।

# विश्राम गृह उदयपुर में कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन

-संवाददाता-

**उदयपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** स्थानीय विश्राम गृह उदयपुर में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन कांग्रेसियों द्वारा केक काटकर एवं आतिशबाजी कर मनाया गया ।अंकित बारी एवम् आदिवासी कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में केक काटने के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में मरीजों को फल का वितरण भी किया गया है। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाइयां दी।कार्यक्रम के दौरान अविनाश दास, चंदर किंडो, सतीश श्रीवास्तव, अजीत, राजेश, विजय, सुखसाय, रवि पाण्डेय, गिरवर, विजय, बिलास, पन्ने, ठाकुर,अमृत, उदय, प्रेम, सियंबर, सुरेंद्र, गोलू, धनेश्वर, फागुलाल, समरत, गुप्तेश्वर, दिनेश, संथन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोतवाली से दो निरीक्षकों को हटाकर उपनिरीक्षक को दिया गया प्रभार

# कोतवाली सहित जिले के 5 थाने के प्रभारी बदले गए

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा जिले के पांच थानों के प्रभारियों को बदल दिया गया है। वहीं 18 अन्य पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश भी जारी किया गया है। अंबिकापुर कोतवाली प्रभारी भारद्वाज सिह का तबादला दरिमा कर दिया गया है। वहीं इनके स्थान पर सीतापुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेश नारंग को कमान सौंपा गया है। जबकि दरिमा




थाना प्रभारी रहीं अंजू चेलक को महिला सेल शिकायत शाखा में भेजा गया है। वहीं अम्बिकापुर थाने में पदस्थ निरीक्षक विजय प्रताप सिंह को कमलेश्वरपुर का नया प्रभारी बनाया गया है और कमलेश्वरपुर के प्रभारी रहे शिशिरकांत सिंह को सीतापुर थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है। जबकि महिला सेल की प्रभारी रहीं उपनिरीक्षक अनिता आयाम को कोतवाली में पदस्थ किया गया है। इसके अतिरिक्त दो प्रधान आरक्षकों सहित 18 पुलिसकमियों का भी स्थानांतरण विभिन्न थानों में किया गया है।

# मुख्यमंत्री नवीन एमसीबी जिला कार्यालय का करेंगे उद्घाटन, दोनों विधायक अलग अलग कर रहे तैयारी,आखिर क्यों?




- » विधायक नंबर एक व विधायक नंबर दो में जिला कार्यालय की उपलब्धि बताने के लिए अंदर खाने में चल रही तनातनी।
- » आखिर जिला बनाने से लेकर जिला कार्यालय बनाने तक का सेहरा किस विधायक के सर बंधेगा।
- » 2023 का चुनाव जिले विभाजन के फैसले के परिणाम को करेगा तय,आखिर विभाजन सही या गलत?
- » मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर 24 घंटे के भीतर जिले के दो विधायकों की प्रशासन के साथ एक ही हाल में अलग अलग बैठकें क्यों?
- » मनेन्द्रगढ़ शहर में बर्चस्व को लेकर राजनैतिक जंग जारी है,दोनों विधायकों के बीच श्रेय लेने की मची हो।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया जिले से अलग होकर नवीन एमसीबी जिला 6 सितम्बर 2022 को अस्तित्व में आ जाएगा जैसा कि तय किया जा चुका है और जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी जारी हो चुकी हैं,6 सितम्बर को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मनेंद्रगढ़ पहुंचकर जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और उस दिन से ही नवीन जिला एमसीबी अस्तित्व में आ जायेगा। मनेंद्रगढ़ में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर और जिला कार्यालय के उद्घाटन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जहां जारी हैं वहीं अब नवीन जिले में शामिल होने जा रहे दो विधानसभाओं के विधायक भी जिला गठन का श्रेय लेने अलग अलग दिखाई दे रहें हैं और प्रशासनिक तैयारियों में भी अलग अलग शिरकत कर रहें हैं, कुल मिलाकर मामला श्रेय लेने से जुड़ा हुआ है और सोशल मीडिया पर इसको कहा भी जा रहा है कि जिला गठन का श्रेय लेने दो विधायक अब आमने सामने हैं और प्रशासनिक तैयारियों में अलग अलग जाकर अपनी राय भी रख रहें हैं और तैयारियों की समीक्षा भी कर रहें हैं।

### विधायक नम्बर 2 ने संभावित जिला कार्यालयों का किया दौरा,विधायक नम्बर 1 भी अलग से पहुंचे निरीक्षण करने

नवीन एमसीबी जिला कार्यालय के लिए संभावित भवनों को लेकर सबसे पहले विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक ने दौरा किया अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश भी दिये वहीं उक्त दिवस विधानसभा क्रमांक 1 के विधायक चूंकि बाहर थे वह भी दूसरे दिन पहुंचे और अधिकारियों के साथ पुनः जिला मुख्यालय के संभावित भवनों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। दोनों विधायक अलग अलग जाकर निरीक्षण कर रहें हैं और निर्देश जारी कर रहें हैं जिसको देखकर सोशल मीडिया में लोगों ने इसे श्रेय की होड़ बताते हुए पोस्ट भी डाले हैं।

### अलग अलग जाकर अधिकारियों की बैठक ले रहें हैं दोनों विधायक

जिला गठन का श्रेय लेने दोनों विधायक अधिकारियों के साथ अलग अलग बैठक कर रहें हैं जैसा कि देखा जा रहा है, एक ही दल के चुने हुए प्रदेश सरकार के दो विधायकों को अलग अलग जाकर अधिकारियों के साथ बैठक करने जिला मुख्यालय के उद्घाटन कि तैयारियों का अलग अलग निरीक्षण व निर्देश जारी करने को लेकर यही कहा जा रहा है कि इस उपलब्धि को दोनों विधायक संयुक्त उपलब्धि बताने की जगह अपनी अपनी उपलब्धि बताना चाहते हैं और दोनों उस प्रयास में जुटे हुए हैं, क्योंकि यदि ऐसा नहीं होता तो दोनों एक साथ अधिकारियों की बैठकों में जाते वहीं साथ साथ पूरी तैयारियों की समीक्षा भी करते। जिला मुख्यालय के मुख्य कार्यालयों की स्थापना जिस जगह होगी उसका सेहरा अपने सिर बांधने दोनों विधायक जद्दोजहद में लगे हुए हैं, नवीन जिले का मुख्यालय जहां स्थापित हो रहा है उस जगह को लेकर किस विधायक का सबसे ज्यादा योगदान रहा है दोनों यह साबित करने में जुटे हुए हैं, ऐसी जनचर्चा जारी है।

### जिले के अन्य कार्यालयों की स्थापना कहां कहां होगी यह भी दोनों विधायकों के प्रयासों में है

नवीन जिले के अन्य प्रमुख कार्यालय जो अन्यत्र शहर से जा सकते हैं जिसमें से कुछ के चिरमिरी जाने की भी खबर है को लेकर भी विधायकों को अलग अलग प्रयास करते देखा जा रहा है,विधानसभा क्रमांक 1 के विधायक कुछ कार्यालयों को अपने ही विधानसभा में रखना चाहेंगे वहीं विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक की मजबूरी है कि कुछ प्रमुख कार्यालय चिरमिरी जाये जिससे उनके पास चिरमिरी वासियों के सामने कहने के लिए कुछ रहे वहीं विधानसभा क्रमांक 1 के विधायक जानते हैं कि मनेंद्रगढ़ में यदि अधिकांश कार्यालय खोले जाएंगे तभी उनके विधानसभा के लोगों को फायदा है चिरमिरी कार्यालयों के जाने से फिर वही बात रह जायेगी जो बैकुंठपुर की दूरी को लेकर थी,इसलिए भी दोनों विधायक अलग अलग तैयारियों का जायजा ले रहें हैं और अपनी बात प्रसासन के समक्ष रख रहें हैं जैसा कि बताया भी जा रहा है।

### खड़गवां को क्या मिलेगा, उठ रही है मांग

नवीन एमसीबी जिला गठन अब तय हो गया है, मनेंद्रगढ़ को दो प्रमुख कार्यालय मिलने जा रहा है यह भी तय हो गया लेकिन चिरमिरी में भी कुछ कार्यालय खोले जाएंगे यह विधायक मनेंद्रगढ़ का प्रयास जारी है और शायद उन्हें सफलता भी मिलने जा रही है,वहीं अब खड़गवां को क्या मिलेगा यह मांग उठने लगी है,खड़गवां मनेंद्रगढ़ विधानसभा में शामिल है और अब कांग्रेस के ही लोगों को खड़गवां के लिए मांग करते देखा जा रहा है,मनेंद्रगढ़ विधायक के समक्ष बड़ी दुविधा है क्योंकि चाहकर भी वह प्रमुख कार्यालयों को चिरमिरी तो नहीं ला सके,वहीं छिटफुट कार्यालयों के लिए वह चिरमिरी के लिए परेशान हैं वहीं अब खड़गवां से मांग उठने के बाद उनकी चिंता बढ़नी लाजमी है।

### जिला गठन का फायदा होगा का नुकसान,आगामी विधानसभा चुनाव के परिणामों से होगा तय

नवीन एमसीबी जिला गठन से सत्ताधारी दल को फायदा होगा या नुकसान यह आगामी विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद ही तय होगा वहीं मनेंद्रगढ़ विधानसभा की स्थिति अनुसार यदि आंकलन किया जाए तो पुराने चुनाव परिणाम बताते हैं कि मनेंद्रगढ़ शहर कांग्रेस का गढ़ रहा है वहीं चिरमिरी से चुनाव परिणामों पर असर पड़ता है,अब ऐसे में चिरमिरी और खड़गवां यदि नाराज होता है कार्यालयों को लेकर तो वर्तमान विधायक के लिए दिक्कत तय है वहीं भरतपुर सोनहत विधानसभा के परिपेक्ष्य में यदि बात की जाए तो कुछ क्षेत्रों को छोड़कर अन्य के लिए क्या बैकुंठपुर क्या मनेंद्रगढ़ वाली ही स्थिति रहने वाली है।

# भाजयुमो आज मुख्यमंत्री आवास का करेगी घेराव, कोरिया से 500 से अधिक लोग घेराव में होंगे शामिल

- » भाजयुमो के जिलाध्यक्ष व महामंत्री अलग-अलग गुट बनाकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुचे रायपुर।
- » युवाओं को छलने वाली सरकार को सबक सिखाएंगे:शारदा गुप्ता

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अंचल राजवाड़े व महामंत्री शारदा गुप्ता के द्वारा अलग-अलग गुट बनाकर मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए रायपुर पहुंच गए हैं जहां आज 24 अगस्त को घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे बताया जा रहा है कि कोरिया जिले से 500 से अधिक लोग इस गिराव कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं ज़िलाध्यक्ष श्री कृष्णबिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री श्री भैयालाल राजवाड़े, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्वविधायक श्रीमती चम्पादेवी पावले के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा कोरिया के युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर रवाना हुए। ग़ौरतलब है कि प्रदेश भाजयुमो ने 24 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव हेतु लगभग एक लाख युवाओं को राजधानी में जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए समस्त जिलों के युवा पदाधिकारियों को ज़िलेवार एवं मंडलवार संख्या निर्धारण किया गया। इस संदर्भ में ज़िला महामंत्री शारदा गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले विधानसभा स्तर पर एसडीएम कार्यालय घेराव किया गया था। इसके बाद जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ घेराव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तत्पश्चात् 24 अगस्त को भाजयुमो कोरिया के कार्यकर्त्ताओं के द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। 2018 के विधानसभा चुनाव में जिस तरह युवाओं को नौकरी एवं बेरोज़गारी भत्ता देने का झूठा वादा करके कांग्रेस पार्टी सत्ता में स्थापित हुई है, आगामी 2023 के चुनाव में युवा ही सबक सिखाएगा। निश्चित रूप से भाजपा की कमल खिलने जा रही है। 22 तारीख़ की रात्रि युवाओं का एक बड़ा समूह ट्रेन के माध्यम से रायपुर रवाना हुआ । तथा उसके बाद आज निजी वाहनो के माध्यम से कार्यकर्ता रायपुर जा रहे हैं । इसके साथ ही 23 तारीख़ की रात्रि में भी कार्यकर्ता ट्रेन के माध्यम से निकल कर रायपुर पहुँचेंगे । इस कार्यक्रम का नेतृत्व सभी मंडल के अध्यक्ष ज़िला पदाधिकारी गण कर रहे हैं जिनके सम्मिलित सहयोग से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की रायपुर में उपस्थिति रही।



### भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल के नेतृत्व में युवा मोर्चा कोरिया के 16 मंडलों के युवा पहुचे रायपुर

रेल्वे स्टेशन रायपुर पहुंचने पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ रायपुर के ऊर्जावान नेतृत्व सुभाष अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर के भाजपाईयों ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े को अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन, स्वागत किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने पुलिस प्रशासन होश में आओ, भूपेश सरकार, दम है तेरे दमन में कितना, देखा है और देखेंगे और भूपेश सरकार मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारों से रेलवे स्टेशन रायपुर में भूपेश सरकार के खिलाफ माहौल निर्मित किया।विदित हो कि 24 अगस्त को रायपुर में नगर निगम व्हॉइट हाऊस के सामने बेरोजगारी भत्ता एवं रोजगार न देने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में बड़ा आंदोलन करने जा रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े ने बताया कि विधानसभा स्तर पर एसडीएम कार्यालय घेराव फिर जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ घेराव के पश्चात अब 24 अगस्त को भाजयुमो कोरिया के कार्यकर्त्ताओं के द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ हल्ला बोल किया जाएगा।

# एफसीआई. में चावल जमा करने में कोताही बरतने वाले राईस मिलरों पर कार्यवाही जारी

-संवाददाता-
**सूरजपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
कलेक्टर इफ़्फत आरा के द्वारा दिए गए सख्त निर्देश के तारतम्य में भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई.) में चावल जमा नही करने के कारण खाद्य विभाग एवं जिला विपणन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स बालाजी एग्रो, ग्राम-गोपालपुर सूरजपुर की जांच की गई। जांच में कस्टम मिलिंग हेतु उठाव किए गए धान का आनुपातिक चावल जमा नहीं किया जाना पाया गया। जांच दल द्वारा मिल में स्टॉक पंजी का संधारण नही होना पाए जाने पर मिल संचालक आयुष गर्ग से धान, चावल के स्टॉक का घोषणा पत्र प्राप्त कर मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में 1824 बोरे धान वजन 730 क्विंटल अनुमानित पाया गया। मिल के ऑनलाइन समाधान विवरण का मिलान करने पर कुल 5314 क्विंटल चावल जमा कराया जाना शेष पाया गया। भौतिक सत्यापन मे घोषणा पत्र के अनुसार धान की कमी पाये जाने पर धान 730 क्विंटल कीमत 18.25 लाख रूपये को मौके पर जब्त कर मिल संचालक आयुष गर्ग के सुपुर्दगी मे दिया गया। मिल संचालक का उपरोक्त कृत्य छ.ग. कस्टम मिलिंग (चावल उपार्जन) आदेश 2016 के संगत कंडिका का उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत् दंडनीय है। अतः प्रकरण पंजीबद्ध कर सक्षम न्यायालय को प्रस्तुत किया जावेगा। खाद्य अधिकारी श्री विजय किरण द्वारा बताया गया कि जिले के एफ.सी.आई. में चावल जमा करने मे लापरवाही बरतने वाले मिलरो के विरुद्ध सतत कार्यवाही जारी रहेगा। उक्त कार्यवाही मे खाद्य अधिकारी विजय किरण, जिला विपणन अधिकारी अजय ठाकुर, सहायक खाद्य अधिकारी श्वेता अग्रवाल, सहायक प्रबंधक प्रीति भारद्वाज, खाद्य निरीक्षक एवं अन्य शामिल रहे।



# राज्य मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश



-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खड़गवां, 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
सी जी रोड एवं इनफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक सारांश मितर ने जिले में सडक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था और समय सीमा में काम पूरा नहीं तो लगेगी पेनाल्टी गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के कडे निर्देश दिये थे इस निरीक्षण में कलेक्टर कोरिया कुलदीप शर्मा भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं प्रबंध संचालक कडे निर्देश के बाद भी खड़गवां विकास खंड मे नवनिर्मित सडकों का गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है और उनही अधिकारियों के सामने जिनको लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं प्रबंध संचालक के द्वारा कडे निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के मंत्री कि अध्यक्षता में राज्य स्तर पर विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक एवं गुणवता परीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ था इसमें मंत्री श्री साहू ने अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को कार्यो का गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालें अभियंताओं को मंत्री श्री साहू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया था। कोरिया जिले के खड़गवां विकास खंड में लोक निर्माण विभाग के द्वारा जितनी भी सडक निर्माण कार्य किया जा रहा है वो पूर्ण मापदंडों एवं गुणवत्ता की अनदेखी कर सड़कों का निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है उधर लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं सी जी आर आई डी सी एल के प्रबध संचालक द्वारा सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए अगर गुणवत्ता में कमी मिलने पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं मगर खड़गवां विकास खंड में लोक निर्माण विभाग से निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की जांच होतो गुणवत्ता की सारी सच्चाई सामने आ जाएगी जिस सड़क निर्माण कार्य का अनुबंध ठेकेदार के द्वारा जिस मापदंड और गुणवत्ता से किया जाना है एक भी सड़कों का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। ठेकेदार के द्वारा अपने अनुबंध के अनुसार सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है और उसके बाद भी विभाग के अधिकारी उस ठेकेदार को राशि का भुगतान भी किया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के सह पर ही वर्तमान में जितने भी सड़कों का निर्माण कार्य हो रहा है वो पूर्ण मापदंडों एवं गुणवत्ता से परे हट कर एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं प्रबंध संचालक के कडे निर्देशों के बाद भी किया जा रहा है इसके बाद भी अधिकारी उस सड़क के निर्माण कार्य को कागजों में सही बताकर सड़क निर्माण कार्य की राशि का भुगतान कर रहे हैं।

जबकि लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं प्रबंध संचालक ने कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राशि का पूरा सदुपयोग होना चाहिए, जितना काम उतनी ही राशि का प्राक्कलन बनाए। अपने क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण काम है उसे प्रमुखता के साथ करें। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि प्राक्कलन इस तरह से बनाए कि रिवाइज प्राकल्लन बनाने की स्थिति निर्मित ना हो। और मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को समय सीमा के साथ ही गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है मगर कोरिया जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तो अपने ही चाल में कार्य करते हैं रहे हैं। जिसके कारण ठेकेदार भी निर्माण कार्य अपने मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते है।

# कुएं की रिटर्निंग वाल गिरने से बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा

- » झुमका के बगल स्थित कुआं जिसमे होता था मूर्ति विसर्जन उस कुएं रिटर्निंग वाल गिरकर ढेर।
- » कुएं का रिटर्निंगवाल गिरने से अगल बगल की मिट्टी के कटाव की आशंका।
- » पिछले वर्ष मूर्ति विसर्जन में हुई थी काफी परेशानी, मूर्ति के अवशेष आज भी कुएं में,साल भर बाद भी देखने वाला कोई नहीं।
- » नगर पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा उस कुएं में कराया जाता है मूर्ति विसर्जन,साल बीत जाने के बाद भी सुध लेने वाला कोई नहीं।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
बैकुंठपुर के झुमका बांध में स्थित कुआं जिसने मूर्ति का विसर्जन किया जाता है उसकी रिटर्निंग बॉल आधी से ज्यादा गिर चुकी है उसके किनारे की मिट्टी भी धीरे धीरे धंस रही हैं जिससे किसी भी तरह की बड़ी अनहोनी होने की आशंका है, आपको बता दे की यह वही कुआं है जहां है दुर्गा पूजा, गणेश पूजा, कृष्ण पूजा, विश्वकर्मा पूजा के बाद मूर्ति का विसर्जन किया जाता है, पूर्व में बाजार पर स्थित तालाब में मूर्ति का विसर्जन किया जाता था, परंतु कुछ वर्षो से प्रशासन द्वारा बाजारपारा तलाब में मूर्ति विसर्जन ना करवा कर झुमका के बगल में स्थित कुएं में मूर्ति का विसर्जन कराया जा रहा है, लगभग 3-4 वर्षों से उस स्थान पर मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा है, आज तक उस स्थान पर सुविधाओं का अभाव है, आपको बता दें कि ओड़गी नाका आकर के बाद झुमका बांध जाने की रोड कटती है के बाद वहां की सड़क सिंगल रोड है ना तो वहां किसी भी तरह की लाइट है ना विद्युत का खंबा है उसके बाद जिला प्रशासन एव नगर पालिका प्रशासन द्वारा मूर्ति का विसर्जन कराया जाता है साथ ही जिस में मूर्ति का विसर्जन किया जाता है वह कुआं दीवार काफी जर्जर हो चुकी है आसपास की मिट्टी भी धस रही है। जैसे कि आप सभी जानते हैं कि त्योहारों का समय शुरू हो चुका है श्री कृष्ण जी की पूजा प्रारंभ है इसके बाद गणेश पूजा दुर्गा पूजा विश्कर्मा पूजा भी होनी है सारी मूर्तियों के विसर्जन उसी कुएं में होना है पर आज दिनांक तक उस स्थान पर उस कुएं की सुध लेने वाला कोई नहीं है।



मूर्ति विसर्जन को लेकर पिछले वर्षो से काफी समस्या है- आपको बता दें कि वहां मूर्ति विसर्जन का कार्य नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर कराती है पिछले वर्ष वह किसी भी तरह की कोई भी सुविधाएं नहीं थी ना लाइट थी और जो क्रेन भी नगरपालिका के द्वारा मंगवाया गया था वह भी मौके पर खराब हो गया उसके बाद सारे गणेश पूजा दुर्गा पूजा पंडाल वाले लोगों ने काफी मशक्कत के बाद मूर्ति का विसर्जन किया था। आज दिनांक तक कुए में पड़े मूर्ति के अवशेषों को नहीं हटाया गया है जिससे जाहिर होता है कि उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है अब देखना यह है कि अब उसको कितना जल्दी बनवाया जाएगा या फिर इस बार फिर सारे पंडालों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

पिछले वर्ष मूर्ति विसर्जन करने आए थे तो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था- इस संबंध में स्थानीय लोगों से जब बात की सभी स्थानीय निवासी अनुराग दुबे ने बताया कि पिछले वर्ष जब वह अपने पंडाल वालों के साथ मूर्ति विसर्जन करने आए थे तो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था जब भी अपनी मूर्ति का विसर्जन नहीं कर पाया उन्हें मजबूरन देर रात में अपनी ही मूर्ति को रमदैया बगल में स्थित तालाब में विसर्जन करना पड़ा।

मूर्ति विसर्जन से पहले इसकी सफाई हो जाएगी- इस संबंध में जब नगर पालिका अधिकारी से बात की गयी तब उनका यह कहना था कि मुझे भी इसकी चिन्ता हैं, मूर्ति विसर्जन से पहले इसकी सफाई हो जाएगी, कुए के दीवाल के संबंध में उन्होंने कहा कि वो ग्राम पंचायत का क्षेत्र है, साथ ही जब उनसे ये पूछा गया कि साल भर से कुए में जो मूर्ति के अवशेष पड़े हैं तब उन्होंने ने कहा कि वो ग्राम पंचायत का क्षेत्र हैं।

# उज्जवला योजना से मिले गैस सिलेंडर फटने से झोपड़ी के उड़े परखच्चे

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कदमनारा में एल पी जी सिलेंडर फटने से घर के उड़े परखच्चे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह घटना जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी के क्षेत्र की है जिसकी सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी घटनास्थल पर पहुच पीड़िता से मिल घटना की वजह पूछा, उसके घर की स्थिति को देख अफसोस जताया और पीड़िता को सांत्वना दिया की आपका घर फिर से पुनः की तरह हो जाएगा, जिसके लिए तत्काल तहसीलदार को बुला उसके घर के मुआवजे बनाने को निर्देशित किया गया ताकि उसका मुआवजा जल्द से जल्द मिल सके और उसका घर पुनः के तरह हो सके। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने पिडित महिला को हरसंभव मद्दत करने की बात कही।

ज्ञात हो की सोमवार को दोपहर 1 बजे हुई घटना आपको अवगत करा दें की ब्लॉक मुख्यालय बैकुंठपुर अंतर्गत कदमनारा में निवासरत वृद्धा बेवा जानकी पैकरा जो की एक मिट्टी के छोटे से झोपड़ी में अकेली रहती थी। जिसे उज्ज्वला योजना से मुफ्त एलपीजी गैस चूल्हा मिला था। जिसका उपयोग जानकी पैकरा बहुत कम किया करती थी। वो गैस चूल्हा में खाना न बनाकर लकड़ी से खाना बनाया करती थी। परंतु सोमवार को 10 बजे उक्त वृद्धा ने उसी गैस चूल्हा में चाय बनाकर पिया और घर बंदकर रोपा लगाने चली गई। जिसके करीब 3 घंटे बाद अचानक से बंद घर में जोरदार धमाका हुआ और जिसकी गूंज ने आसपास में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया। आसपास के घरों के छतों और छानी में उड़े झोपड़ी के गिरते एलवेस्टर सीट के टुकड़ों की आवाज ने सभी पड़ोसियों को डरा दिया सभी ने घरों से बाहर निकल कर देखा तो जानकी पैकरा के घर से धुंध उठ रहा था लोग पहुंचे तो पता चला की पूरी झोपड़ी उड़ चुकी है। बाद में पड़ोसिया द्वारा जान माल के नुकसान की तफ्तीश किया गया। घटना की खबर मीडिया तक पहुंची जिसके बाद कलेक्टर को अवगत कराया गया और प्रशासनिक अमला घटनास्थल पहुंचकर नुकसान का मुआयना किया। गैस सिलेंडर फटने से वृद्धा बेघर हो चुकी है। सरपंच द्वारा उसके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही गई। गैस सिलेंडर फटने का कारण का पता नही चल सका है। पर उक्त वृद्धा का घर और घर का समान पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। जिसके लिए उसे शासन प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है।


छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र, यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय
भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
अजय बंसल
प्रदेश अध्यक्ष
सहारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी
राजीव अग्रवाल
महामंत्री - जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा
अध्यक्ष - वन ठेकेदार संघ सरगुजा संभाग
अजय अग्रवाल
(कैबिनेट मंत्री दर्जा)
उपाध्यक्ष - राज्य बीस सूत्रीय कार्यक्रम
क्रियान्वयन समीक्षा समिति
सभापति - नगर निगम अंबिकापुर
शुभेच्छु:-समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सरगुजा कांग्रेस परिवार (छ0ग0)

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी दूसरी तबादला सूची में भी नहीं हो सका कुछ नामचीन पुलिसकर्मियों का तबादला




» आखिर क्या है वजह जो वर्षों से एक ही जगह जमे हुए पुलिसकर्मियों को कोई नहीं हटा पा रहा है?
» क्या वर्तमान पुलिस अधीक्षक भी नहीं कर पाएंगे सालों से जमे थाना प्रभारी का स्थानांतरण?
» क्या थानों लम्बे समय से जमें थाना प्रभारी इस सरकार का कार्यकाल पूरा करेंगे?
» जिले के कुछ थानों के थाना प्रभारी व कुछ पुलिसकर्मी वर्षों से जमे हुएं हैं एक ही थानों में।
» वैसे माना जा रहा है तबादला सूची जिले विभाजन को लेकर जारी की गई है।

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले के कई पुलिस अधीक्षक बदले पर नहीं बदले तो थाना के थाना प्रभारी नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक के आने पर लोगों को उम्मीद जागी थी की इनके तबादला सूची में उन थाना प्रभारियों का नाम शामिल होगा जो लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, जिस वजह से लोगों को न्याय में बाधा आ रही है पर नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक की दूसरी तबादला सूची भी जारी हुई पर लंबे समय से जमे थाना प्रभारियों का नाम उस सूची में शामिल नहीं रहा, सूची को देख लोगों में एक बार फिर अफसोस जाहिर कहा की थाना प्रभारी इस सरकार का काल कार्यकाल पूरा करेंगे।

कोरिया जिले के कुछ पुलिसकर्मियों की विभाग में ही ऐसी पैठ जम चुकी है की उन्हें उनके पदस्थस्थली से हटाने में कोई भी सक्षम नहीं हो पा रहा है जबकि ऐसे पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली बेहतर रही हो ऐसा कभी नजर नहीं आया। पूर्व में भी जिले में पदस्थ हुए पुलिस अधीक्षकों ने ऐसे पुलिसकर्मियों को हटाकर अन्यत्र करने की कभी कोशिश नही की और अब नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक ने भी खुद के द्वारा जारी की गई तबादला सूची में ऐसे पुलिसकर्मियों को फिर से अभयदान दे दिया है जो कई वर्षो से एक ही जगह बने हुए हैं।

### नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के आने के बाद ऐसा लगा था कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था लागू होगी

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के आने के बाद ऐसा लगा था कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था लागू करने के उद्देश्य से विभाग में व्यापक फेरबदल किया जाएगा और जिससे वर्षो से एक ही जगह अपनी पैंठ जमा चुके कुछ नामचीन पुलिसकर्मियों को अन्यत्र भेजा जाएगा लेकिन नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी दूसरी तबादला सूची में भी जब ऐसे पुलिसकर्मियों का नाम नहीं आया तब यह तय हो गया की अपनी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली के कारण चर्चित पुलिसकर्मियों को नहीं हटाया जाएगा और वह पुरवत अपनी जगह पर बने रहेंगे। जिन पुलिसकर्मियों को एक ही थानों में कई वर्ष हो चुके हैं उनमें से कुछ थाना प्रभारी हैं और कुछ अन्य पुलिसकर्मी भी हैं, सबसे बड़ी बात जो तबादले में देखने को मिली वह यह की पुलिस उप निरीक्षक थाना प्रभारी बने रहेंगे जिले के बड़े थानों के वहीं निरीक्षक जिले के दूरस्थ थानों की ही कमान सम्हालेंगे। जिन पुलिसकर्मियों खासकर जिन थाना प्रभारियों को वर्तमान में जारी तबादला सूची से बाहर रखा गया है उनके पुलिस थाना क्षेत्र में लगातार अवैध कारोबार संचालित होते हैं, कोयला जुआ सहित अवैध शराब का बड़े स्तर पर इन पुलिस थाना क्षेत्रों में कारोबार होता है और जिसपर अंकुश लगा पाने में अभी तक वर्तमान पदस्थ प्रभारी असमर्थ रहे हैं उसके बावजूद उनको ही उन पुलिस थानों की जिम्मेदारी दिया जाना समझ से परे है और कानून व्यवस्था के लिहाज से भी।

### जिले में पुलिस विभाग वैसे भी ऐसे ही पुलिसकर्मियों के कारण बदनाम है

जिले में पुलिस विभाग वैसे भी ऐसे ही पुलिसकर्मियों के कारण बदनाम है और जो बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी हैं वह भी इनकी वजह से कुंठित हो रहे हैं क्योंकि उन्हें अवसर ही नहीं मिल पा रहा है अपनी प्रतिभा दिखा पाने का। जिले में कानून व्यवस्था के हिसाब से प्रत्येक पुलिस थाना प्रभारी को बदले जाने की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिससे साफ जाहिर हो गया की कुछ पुलिसकर्मी विभाग में ऊंची पैंठ रखते हैं और उसी की वजह से उन्हें हटा पाने की हिम्मत किसी में भी नहीं है।

### चर्चित थाना प्रभारियों का फिर नहीं हुआ तबादला

जिले के सबसे चर्चित थाना प्रभारियों का दूसरी बार जारी तबादला सूची में भी तबादला नहीं हो सका, यह ऐसे थाना प्रभारी हैं जिन्हे एक ही पुलिस थाने में दो वर्ष से ज्यादा हो गए हैं, इनके थाना क्षेत्रों में अवैध कारोबार भी लगातार जारी रहें हैं और यह अंकुश लगा पाने में असमर्थ रहें हैं, ऐसे में इन्हें तबादला सूची से बाहर रखा जाना समझ से परे है।

### निरीक्षकों को दूरस्थ थानों का प्रभार,उप निरीक्षक मौज में

जिले के पुलिस विभाग में गजब का न्याय जारी है, जहाँ उप निरीक्षक मौज में हैं बड़े पुलिस थानों के प्रभार में हैं वहीं निरीक्षक या तो दूरस्थ थानों में पदस्थ हैं या लाइन में अपना समय काट रहें हैं।

## कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी लोग साफ पीने का पानी से वंचित

-राजा मुखर्जी-

**कोरबा, 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कोरबा में डायरिया से दो लोगों की मौत मामले में पोड़ी उपरोड़ा के एसडीएम नंदजी पांडे का कहना है कि खाना बनाने के लिए ढोढ़ी का पानी यूज किया गया था, जिसकी वजह से ग्रामीणों में फूड पॉइजनिंग होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच चल रही है ढ्ढ खेती के बाद सामूहिक भोज में शामिल होने के बाद दो लोगों की मौत और 12 लोगों के बीमार होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया । अधिकारियों का कहना है कि गंदे पानी से बना खाना खाने से ग्रामीण बीमार हुए हैं ढ्ढ अब बड़ा सवाल ये है कि , ग्रामीण क्षेत्र में क्या अब भी लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है । पूरा मामला जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के गांव पनगंवा का है । गांव पनगंवा में ग्रामीण खेती किसानी में रोपा लगाने का काम कर रहे थे । 1 दिन पहले ही रोपा लगाते हुए ग्रामीण के लिए दोपहर में सामूहिक भोज का आयोजन कराया गया ढ्ढ गांव के बाहर एक ढोढ़ी के पास भोजन तैयार किया गया, इस दौरान भोजन में वड़ा और मटन बनाया गया था । दर्जनों ग्रामीण ने यहां भोजन किया ,इसके कुछ देर बाद ही भोजन करने वाले लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी । गांव के शिव प्रसाद(28) और उसकी पत्नी संतोषी(26) की हालत ज्यादा खराब हो गई, दोनों को अस्पताल ले जाने के पहले ही मौत हो गई ढ्ढ ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, कुछ लोगों का इलाज उनके घर पर ही शुरू किया गया । सूचना पाकर मेडिकल टीम भी गांव में पहुंची । फिलहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जयकरण, विनय, सुनीता, अजय, सीताबाई, सांवरिया समेत 14 लोगों का इलाज जारी है । इस मामले में पोड़ी उपरोड़ा के एसडीएम नंदजी पांडे ने बताया जहां भोजन तैयार किया गया था, उसके लिए ढोढ़ी का पानी उपयोग में लिया गया है । ढोढ़ी में खेत का दूषित पानी भी मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इसी दूषित पानी का उपयोग करने की वजह से ग्रामीण फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए ढ्ढ स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है । जिले में जल जीवन मिशन के तहत 700 से अधिक गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना है, लेकिन फिलहाल महज 23 से 24 गांव है में ही काम पूरा हो सका है । जिसके कारण अब भी ग्रामीण पीने के स्वच्छ पाने के लिए मोहताज हैं । मौजूदा मामले के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हुआ है कि, क्या अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण स्वच्छ पानी पीने से वंचित है ?



## पत्रकार संघ के सदस्य नितेश गुप्ता ने किया रक्तदान

-संवाददाता-

**सूरजपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जिला चिकित्सालय सूरजपुर में कॉलेज रोड़ निवासी महिला के शरीर में खून की कमी के कारण 23 अगस्त को जिला चिकित्सालय सूरजपुर लाया गया। ब्लड जांच उपरांत शरीर में मात्र 4.2 ग्राम खून था उन्हें तत्काल ब्लड की आवश्यकता थी उनका ब्लड जांच कराया गया 0 + पॉजिटिव पाया गया और ब्लड बैंक में 0 पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं था। जिसकी जानकारी पत्रकार नितेश गुप्ता को हुई और उन्होंने मानवीयता दिखाते हुए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर ब्लड डोनेट कर पीड़ित महिला को राहत पहुंचाई,,पत्रकार नितेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी मजबूर व्यक्ति की जान रक्तदान की वजह से नहीं जानी चाहिए,,युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए,,



## कर्मचारी अधिकारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

-संवाददाता-

**सूरजपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34ः मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारम्भ कर दूसरे दिन भी कलम बंद काम बंद कर हड़ताल पर बैठे रहे। जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि सरकार हमारी मांगों को अनदेखी कर रही है जिससे जिले के समस्त कर्मचारी व अधिकारियों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। आज आंदोलन के दूसरे दिन जिला स्तर के अधिकारियों के साथ साथ अन्य संघों के प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति से कर्मचारियों ,अधिकारियों में एक नई ऊर्जा का संचार किया।आज हमारे बहुत से साथी जो अवकाश के कारण आवेदन नहीं दे पाए थे वे भी आज अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सरकार हमारी मांगों को लगातार अनदेखी कर रही है।जिससे हम अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने को विवश हो गए हैं। सरकार हमारी मांगों पर जब तक पहल नहीं करती तब तक ये आंदोलन जारी रहेगा।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में ब्लाकों में आज बढ़ती उपस्थिति से आंदोलन वृहद रूप की ओर अग्रसर है । आज के आंदोलन में फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी सहित हजारों साथी शामिल रहे।



## हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा रेंज के जिलों में जब्त मादक पदार्थों का किया गया नष्टीकरण

-संवाददाता-

**कोरबा, 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु बिलासपुर रेंज स्तर पर 4 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोज़ल कमेटी का गठन किया गया है, जिनके द्वारा बिलासपुर रेंज के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, रायगढ़ व मुंगेली जिलो के नष्टीकरण योग्य कुल 190 प्रकरणों में जप्त 4.111टन गाँजा, 131 नग पौधा , 14554 नग टेबलेट , 3600 नग कफ सिरप , 2 ग्राम ब्रॉउन शुगर व 347 नग इंजेक्शन के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष रतन लाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, सदस्य श्रीमती पारुल माथुर पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक बिलासपुर, श्री संतोष सिंह पुलिस अधीक्षक कोरबा, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी कोरबा अंकुर साहू एवं पंचों की उपस्थिति में बालको पावर प्लांट कोरबा में विधिवत जलाकर किया गया।संपूर्ण कार्यवाही के दौरान अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपमाला कश्यप,अति पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





## हमर तिरंगा कार्यक्रम के सरदार बल्लभ भाई पटेल हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी




-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर/पटना 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** हमर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सरदार बल्लभ भाई पटेल हाईस्कुल के छात्र छात्राओं के द्वारा मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई, निकाले गए प्रभात फेरी में स्वतंत्रता सेनानियों की आकर्षक झांकी भी निकाली गई जिसमें स्कुल के स्नेहा कुशवाहा, नेहा साहू, तेजस्वीनी अवस्थी, आकांक्षा अवस्थी, कृष्ण कांत, अभिषेक कुशवाहा, प्रिंस कुशवाहा आदि छात्र छात्राऐं स्वतंत्रता सेनानियों व छत्तीसगढ़ महतारी की वेष भूषा में नजर आए।

बता दें कि इन दिनों छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी, नीजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में दिनांक 20 अगस्त से 30 अगस्त तक समुदाय को शाला से जोड़ते हुए हमर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिससे कि विद्यार्थियों व समुदाय के बीच देश भक्ति का जज्बा विकसित हो सके और संविधान में आस्था बढ़े साथ ही यह संदेश दिया जा रहा है कि आधुनिक परिस्थितियों में स्वतंत्रता का वास्तवीक अर्थ निरक्षरता एवं अज्ञानता से मुक्त होकर विकास की दिशा में मिलकर एक जुट होकर आगे बढ़ने हेतु संकल्प लेना है इसी तारतम्य में 23 अगस्त मंगलवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल हाई स्कुल के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी, दीवार लेखन, स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, झांकी, देशभक्ति गीत का आयोजन किया गया स्कुल के छात्र छात्राऐं प्रभात फेरी के माध्यम से हाथ में तिरंगा लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नारे लगाते स्कुल प्रांगण से पशु चिकित्सालय के सामने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आदर्श चौक होते हुए स्कुल प्रांगण तक प्रभात फेरी निकाली गई। आयोजित प्रभात फेरी को सफल बनाने में व्यवस्थापक चंद्र शेखर अवस्थी, प्राचार्य निशा अवस्थी, संत कुमार सिंह, राजीव मंड़ल, लक्ष्मी खांड़े, लिलावती, प्रियंका सिंह, ज्योति देवांगन, सरिता सिंह, आराधना कुशवाहा, श्रीराम कुशवाहा, सरिता यादव, प्रमोद अग्रहरी, महेश साहू, आरती कुंज आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनिय योगदान रहा।

## शिवभजन सिंह मरावी अपने खेतों में रोपा लगाते हुए दिखे



-संवाददाता-

**सूरजपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, शिवभजन सिंह मरावी ने जानकारी देते हुए कहा कि कई दशकों मैं खेती,किसानी जो कि मेरे जीवन यापन का आधार है, मैं उस मातृभूमि को प्रणाम करता हूं, और हमारे देश के किसान अपने और अपने परिवार के लोगो के लिए, दिन रात मेहनत करते हुए साल भर इतंजार करने के बाद किसी के बिना पानी के कमी के , या रोपा लगवाने के बाद सभी का खर्च जोड़ने के बाद जो किसान अपनी धान संग्रहण केंद्र में जाकर उचित मूल्य पर बेचता भी हैं, तो मुश्किल से दस हज़ार रुपए भी आज के महंगाई के दौर में कुछ नहीं है, मैने बचपन से ही किसानों का देश में अपने उपजाऊ जमीन से मेहनत करने वाले लोगों को देखता था तो लगता कि मैं एक दिन इन गरीब किसानों कि मदद के सदैव तत्पर रहते हुए, कार्य का निर्वहन कर इनकी आवाज उठाने का प्रयास करूंगा और करता आया हूं जो कि आगे भी करता रहूंगा।। और अपने क्षेत्र कि जनता के लिए सदैव समर्पित रहने वाले जमीन से जुड़े नेता श्री मरावी ने खेती किसानी के लिए गरीब मजदूर परिवार के लिए सरकार से बात कर उनके जीवन यापन जैसे बड़ी बात जाहिर किया और कहा कांग्रेस पार्टी के नींव सरगुजा महाराज टी, एस सिंहदेव और भूपेश बघेल की सरकार किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं,जिसका हम सभी बहुत आभार व्यक्त करते हैं। और किसानों को हमारे सरकार से हर संभव मदद मिलेगी और केंद्र सरकार के द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ जैसे योजानाओं को लेकर कहा देश में जाती धर्म कि राजनीति के अलावा और किसी मुद्दे पर न बात होती न पहल जिला पंचायत प्रतिनिधि ने कहां आज देश में जिस अस्पताल में लोग कोरेना जैसी बिमारी का इलाज कांग्रेस पार्टी के द्वारा बनाए गए भवनों में हो रही है, और मोदी सरकार ने अस्पताल कि जगह शौचालय दिया है, जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करने का आरोप भी लगाया ।

## कोरबा में भी युवाओं व खिलाड़ियों ने प्रदेश के मुखिया का उत्साह पूर्वक मनाया जन्मदिन,दी शुभकामनाएं

-संवाददाता-

**कोरबा, 23 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ बनाने और युवाओं को राजीव युवा मितान क्लब से जोड़ने वाले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जन्मदिन ऊर्जाधानी कोरबा में भी उत्साहपूर्वक से मनाया गया। उनके समर्थकों सहित शुभचिंतकों ने अनेक आयोजन कर श्री बघेल के दीर्घायु होने की कामना की। छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ बनाने वाले सीएम का जन्मदिन मनाने के लिए विविध खेलों से जुड़े युवाओं और बच्चों-लड़कियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी कड़ी में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष व विभिन्न संगठनों से जुड़े युवा राजेन्द्र जायसवाल के द्वारा विभिन्न आयोजनों में शामिल होकर सीएम के स्वस्थ,दीर्घायु और यशस्वी होने की कामना करते हुए जन्मदिन का केक काटा गया। कोरबा में भी विभिन्न संगठनों-संस्थाओं के लोगों ने उनका जन्मदिन मनाकर लंबी उम्र की कामना की है। हॉकी सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी युवाओं और बच्चों ने सीएम से लाइव होकर उन्हें जन्मदिन की अपनी शुभकामनाएं दी जिसे सीएम ने सहर्ष स्वीकार किया।

## प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

संवाददाता-

**सूरजपुर 23 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** बलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आयोजित आठवीं राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले से 26 खिलाड़ी व तीन कोच व मैनेजर शामिल हुए जिसमें सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 17 मेडल प्राप्त किए इस राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी जिलों से 1250 खिलाड़ी शामिल हुए थे इसम जिले ने पहली बार इस ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 खिलाड़ियों का दल भेजा था जिसमें लगभग सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 17 मेडल पर कब्जा किया सोनावती राजवाड़े ने गोला फेक वह लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया अजीत सिंह मरकाम ने लंबी कूद में प्रथम राजेश कुमार लंबी कूद में प्रथम स्थान एवं 100 मीटर फर्राटा दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया हिमांशु त्रिकूद में सेकंड सोनी का राजवाड़े ने 800 मीटर एवं 2000 मीटर में द्वितीय स्थान अनीता राजवाड़े 600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान सौजन्य प्रताप सिंह गोलू ने ऊंची कूद में द्वितीय एवं लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया बबीता से ने भाला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अखिलेश कुमार राजवाडे ने 1500 मीटर में तृतीय स्थान हिम्मत लाल 10000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया हरिओम लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान अश्विन कुमार लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान शिव कुमार भाला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अशोक अग्रवाल आत्मज स्व श्री ठण्डी राम अग्रवाल आयु लगभग 53 वर्ष जन्म तिथि 04.01.1969 जाति अग्रवाल निवासी भैयाथान रोड़ वार्ड क्रमांक 06 सूरजपुर ,थाना, तहसील ,व जिला सूरजपुर (छः ग) के निम्नांकित शपथ पूर्वक कथन करता हूं:-

01-मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का मूल व स्थायी निवासी हूं

02- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे द्वारा - एच. डी .एफ.सी बैंक शाखा सूरजपुर , जिला सूरजपुर (छः ग) में खाता क्रमांक-पालिसी नंबर - 15347104 है । मेरे उक्त पालिसी में मेरा पूरा घरेलू पुकारू नाम अशोक कुमार गर्ग ASHOK KUMAR GAAG आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल ,THANDI RAM AGRAWAL दर्ज है जब कि मेरे नाम से आधार कार्ड ,पेन कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा एवं मेरे पिता का नाम अशोक अग्रवाल , ASHOK AGRAWAL आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल THANDI RAM AGRAWAL दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरा सही एवं वास्तविक जन्म तिथि 04 ,01,1969 चार जनवरी सन् उन्नीस सौ उन्हतर है जो कि सत्य एवं सही है

03- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि अशोक कुमार गर्ग , ASHOK KUMAR GAAG आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल THANDI RAM AGRAWAL एवं अशोक अग्रवाल ASHOK AGRAWAL आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल THANDI RAM AGRAWAL दोनों ही नाम मेरा ही है मैं उक्त दोनों नाम अशोक कुमार गर्ग आ0 ठण्डीराम अग्रवाल एवं अशोक अग्रवाल आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल दोनों ही नाम मेरा ही है

04/- मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि यह शपथ पत्र अशोक कुमार गर्ग , ASHOK KUMAR GAAG आत्मज स्व श्री ठण्डीराम अग्रवाल THANDI RAM AGRAWAL दोनों ही नाम मेरा ही नाम है जिसके संबंध स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत है जो कि सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
अशोक अग्रवाल
आ0 स्व0 ठण्डीराम अग्रवाल
वार्ड क्रं-06 भैयाथान रोड सूरजपुर (छ0ग0)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर जिला-सरगुजा , (छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 .........../अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि -आवेदक सुमन केरकेट्टा पत्नी विनोद जाति उरांव निवासी ग्राम खाला तहसील दरिमा, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भिट्ठीकला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 300/4 रकबा 0.032 हें0 का आवासीय व्यपवर्तन कराने के लिए शपथ पत्र, खसरा, बी-1, पटवारी नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेंट, रजिस्ट्री की प्रति संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 9/9/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यलय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/8/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

सील | अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202208020700005

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सनः-2021-2022

नवागढ़ प.ह.न. 00013 [(हे0)]
पक्षकारों का विवण -
आवेदक पक्षकार-मो0 गरीब ताज,
अनावेदक पक्षकार-मेहरून निशा,

### ईश्तहार

आवेदक मो0 गरीब ताज आ0 शरीफ उद्दीन, निवासी नवागढ़, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नवागढ़, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 44/3, 44/10 रकबा क्रमशः 0.020, 0.002 हे0 भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पुस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24.08.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02-08-2022 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

# एफआईएच हॉकी विश्व कप की शानदार तैयारी करने पर विचार कर रही है ओडिशा सरकार

**भुवनेश्वर ,23 अगस्त 2022।** ओडिशा सरकार 2023 में आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप की शानदार तैयारी करने जा रही है। 2018 के हॉकी विश्व कप में बड़ी सफलता के बाद राज्य लगातार दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी कर रहा है। 2017 में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप भी एक शानदार सफलता थी।

मार्की इवेंट अपने पिछले संस्करण से भी बड़ा और बेहतर करने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यहां शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें मुख्य सचिव, सुरेश महापात्रा, मुख्यमंत्री के निजी सचिव (5टी), वी.के. पांडियन, प्रमुख सचिव और विभिन्न विभागों के प्रमुख शामिल रहे हैं।

मुख्य सचिव सुरेश चंद्र महापात्र ने आयोजन की चुनौतियों पर जोर दिया क्योंकि यह एक ही समय में दो शहरों में आयोजित किया जाएगा। लेकिन, उन्होंने कहा है कि राज्य प्रशासन खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रशंसकों और दर्शकों के लिए एक सहज, सफल और यादगार विश्व कप सुनिश्चित करने के लिए आश्वस्त है। उन्होंने कहा, हम दुनिया की शीर्ष टीमों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और हम समय-समय पर विकास की समीक्षा करेंगे।

विभिन्न सरकारी विभागों ने निर्बाध और कुशलता से काम किया है और 2018 में एक असाधारण टूर्नामेंट को अंजाम दिया है, जिसने ओडिशा की छवि पर वैश्विक प्रभाव डाला है।



मुख्य सचिव ने कहा, वास्तव में, राज्य अधिक दर्शकों को आकर्षित करने, प्रशंसकों को जोड़ने और आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए नए पहलुओं को जोड़कर बेहतर होने की उम्मीद कर रहा है।

मुख्यमंत्री के निजी सचिव (5टी), वी के पांडियन ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि ओडिशा को हॉकी विश्व कप के लगातार संस्करण की मेजबानी करने का अवसर मिला है, वह भी दो अलग-अलग स्थानों पर। उन्होंने कहा, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और हमें इस पर बेहद गर्व होना चाहिए। ओडिशा ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी में एक बेंचमार्क स्थापित किया है।

पांडियन ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने इस विश्व कप का उपयोग न केवल एक उल्लेखनीय मेजबान के रूप में ओडिशा की क्षमता बल्कि राज्य की कला, संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को एक साथ आने और खिलाड़ियों, प्रशंसकों के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करने और ब्रांड एंबेसडर के रूप में वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

खेल सचिव आर. विनील कृष्णा ने कहा कि सह-मेजबान शहर राउरकेला में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का निर्माण जोरों पर चल रहा है और विकास की बारीकी से निगरानी की जा रही है और आने वाले महीनों में तैयार हो जाएगी। राउरकेला के उन्नयन और सौंदर्यीकरण से संबंधित अन्य पहलुओं को भी जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। भुवनेश्वर में, कुछ महीने पहले कलिंग हॉकी स्टेडियम को मैच के लिए तैयार किया गया है।

# निशानेबाजी,तीरंदाजी,कुश्ती,जूडो को राष्ट्रमंडल गेम्स 2026 में शामिल करने का दिया आवेदन

**मेलबर्न ,23 अगस्त 2022।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में 2026 राष्ट्रमंडल गेम्स में निशानेबाजी, कुश्ती, तीरंदाजी और 3गुणा3 बास्केटबॉल सहित अन्य गेम को शामिल करने के लिए आवेदन दिए गए हैं। जिन अन्य खेलों को शामिल करने के लिए आवेदन किया है, उनमें जूडो, कोस्टल रोइंग, बीच रोइंग और ताइचांडो शामिल हैं। विक्टोरिया 2026 राष्ट्रमंडल गेम्स में शामिल होने के लिए आवेदन करने का शनिवार आखिरी दिन था।

आयोजन समिति ने शुरू में 16 नियमित खेलों और छह पैरा-स्पोर्ट्स को खेलों का हिस्सा बनाने का प्रस्ताव दिया था।




एचेटिक्स, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, बीच वॉलीबॉल, टी20 क्रिकेट, साइक्लिंग, जिम्नास्टिक, हॉकी, लॉन बॉल्स, नेटबॉल, रग्बी सेवन्स, स्क्वैश, टेबल टेनिस, ट्रायथलॉन और वेटलिफ्टिंग ऐसे 16 खेल हैं जो पहले से ही इस कार्यक्रम में शामिल हैं।

छह पैरा खेल एथलेटिक्स, तैराकी, लॉन बॉल्स, ट्रायथलॉन, टेबल टेनिस और पावरलिफ्टिंग को भी शामिल करने का अनुरोध किया गया है।प्रतियोगिताएं मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के अलावा चार क्षेत्रीय केंद्रों जिलॉन्ग, बेंडिगो, बल्लारेट और गिप्सलैंड में आयोजित की जाएंगी, जो उद्घाटन और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।

बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों के लिए निशानेबाजी और तीरंदाजी को शामिल नहीं किया गया था। जूडो, 3गुणा3 बास्केटबॉल और कुश्ती सभी बर्मिंघम 2022 में शामिल थे, लेकिन इसे भी लेकर विक्टोरिया ने पुष्टि नहीं की है।

ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देशों में शूटिंग को शामिल ना करने पर विरोध के बाद, विक्टोरिया 2026 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेरोएन वीमर ने कुछ हफ्ते पहले सूचित किया था कि तीन या चार और खेलों को शामिल किए जाने की संभावना है।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022

# सिंधु की अनुपस्थिति में लक्ष्य,श्रीकांत की भारत की चुनौती का करेंगे नेतृत्व

**टोक्टो ,23 अगस्त 2022।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन और कांस्य पदक विजेता किदांबी श्रीकांत भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे और चोटिल पीवी सिंधु यहां शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी। नौवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने टूर्नामेंट के 2021 सीजन में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने चैंपियनशिप में गैर-वरीयता प्राप्त की थी, लेकिन टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट केविन कॉर्डन पर जीत के बाद उन्हें अलग पहचान मिली।

21 वर्षीय लक्ष्य भारतीय सेमीफाइनल में हमवतन किदांबी श्रीकांत से हार गए और कांस्य पदक से संतुष्ट करना पड़ा। भारत को 12वीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत से भी उम्मीद होगी, जिन्होंने 2021 में रजत पदक जीता था। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले और रजत पदक के साथ वापसी करने वाले पहले भारतीय शटलर थे। पिछली बार फाइनल में सीधे सेटों में सिंगापुर के लोह कीन यू से हार गए थे।

श्रीकांत और लक्ष्य के अलावा 2019 सीजन के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत और एचएस प्रणय भी बेहतर करने में सक्षम हैं।

हालांकि, भारतीय पुरुषों को पोडियम फिनिश के लिए वर्ल्ड नंबर 1 और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसन से सामना करना होगा। ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियन 31 मैचों की लगातार जीत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

युगल वर्ग में भारत को राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी से काफी उम्मीदें होंगी।

महिला एकल वर्ग में सिंधु और जापान की नोजोमी ओकुहारा दोनों ही चोट के कारण बाहर हो गई हैं। वर्ल्ड नंबर 33 साइना नेहवाल, इस बार गैर वरीयता प्राप्त, टोक्यो इवेंट में फॉर्म में वापसी करना चाहेगी। पूर्व विश्व नंबर 1 ओकुहारा और सिंधु की अनुपस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। वह पहले दौर में चेउंग नगन यी से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उनका 3-1 का रिकॉर्ड है।

# साइना नेहवाल का शानदार प्रदर्शन, हांगकांग की चेउंग को दी मात

**टोक्टो ,23 अगस्त 2022।** लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने मंगलवार को यहां हांगकांग की चेउंग नगन यी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। साइना ने पहले दौर के इस मैच में नगन यी को 38 मिनट में 21-19, 21-9 से पराजित किया।

विश्व चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी यह 32 वर्षीय



खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है क्योंकि दूसरे दौर की उनकी प्रतिद्वंदी नाजोमी ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं। इससे साइना को 'बाई' मिल गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने भी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारतीय जोड़ी को मलेशिया की येन युआन लो और वेलेरी सियो को 21-11 21-13 से हराने में खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवगन की मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय जोड़ी इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मूर से 10-21, 21-23 से हार गई।

# कोरोना की चपेट में आए राहुल द्रविड़

**नयी दिल्ली ,23 अगस्त 2022।** एशिया कप से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वो यूएई नहीं जाएगी। मंगलवार सुबह जब टीम दुबई के लिए रवाना हुई तो वो नजर नहीं आए थे। एशिया कप 2022 की शुरुआत 27 अगस्त को हो रही है लेकिन भारत को अपना पहला मैच 28 तारीख को बाबर आजम की कप्तानी वाली भारतीय टीम के खिलाफ खेलना है। द्रविड़ कोरोना वायरस की चपेट में कब आए हैं इसकी जानकारी तो अभी नहीं मिल पाई है।

# जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण होंगे टीम इंडिया के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली ,23 अगस्त 2022।**भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और वह 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के साथ दुबई नहीं जा पाएंगे। भारत एशिया कप में 28 अगस्त को अपने शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''राहुल द्रविड़ का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव पाया है और अभी वह पृथकवास पर हैं। हमें अब भी



विश्वास है कि वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे और उसके बाद टीम से जुड़ेंगे।'' अभी कुछ समय के लिए सहायक कोच पारस म्हाम्ब्रे टीम के प्रभारी होंगे लेकिन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को टीम के साथ दुबई भेजने का फैसला बाद में किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, ''हम इस पर फैसला करेंगे कि वीवीएस हरारे से सीधे दुबई जाएंगे या नहीं। इस पर अभी फैसला किया जाएगा और अगर जरूरत पड़ी तो वह टीम से जुड़ेंगे। तब तक पारस म्हाम्ब्रे प्रभारी होंगे। टीम के बाकी सदस्य फिट है और आज सुबह लेकर यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) रवाना हो गए।'' टीम के अधिकतर खिलाड़ी मंगलवार की सुबह मुंबई से रवाना हुए जबकि उपकप्तान केएल राहुल, दीपक हुड्डा और रिजर्व खिलाड़ी अक्षर पटेल हरारे से वहां पहुंचेंगे। ये तीनों जिंबाब्वे के दौरे पर गई टीम का हिस्सा थे।




# चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर का जबरदस्त टीजर रिलीज,इंप्रेस करेगा सलमान खान का स्वैग!

चिरंजीवी और सलमान खान को एक साथ देखने के लिए फैंस काफी समय से इंतजार में थे और सभी को पता था कि सलमान खान गॉडफादर में एक दमदार कैमियो करने वाले हैं। चिरंजीवी के साथ उनको पहली बार स्क्रीन साझा करते देखा जाएगा। एक बड़ा धमाका हुआ है क्योंकि चिरंजीवी स्टारर गॉडफादर का दमदार टीजर रिलीज हुआ है और इसमें उनके साथ सलमान खान नजर आ रहे हैं।

18 अगस्त को, गॉडफादर के निर्माताओं ने दक्षिण सुपरस्टार की विशेषता वाले एक विशेष पोस्टर के साथ टीज़र की रिलीज़ की तारीख की घोषणा की थी। जैसा कि वादा किया गया था, ट्रेलर 22 अगस्त को मेगास्टार चिरंजीवी के 67 वें जन्मदिन से एक दिन पहले आएगा है।

ये फिल्म मलयालम फिल्म लूसिफ़ेर की आधिकारिक तेलुगु रीमेक है। 1 मिनट 33 सेकंड के टीज़र में चिरंजीवी और सलमान खान का परफेक्ट पार्टनर-इन-क्राइम कैमराडरी बहुत पेचीदा है! टीज़र में मेगास्टार चिरंजीवी के एक समर्थक की तरह बंदूक चलाते हुए दमदार एंट्री दिखाई गई है। मिनटों के बाद, नयनतारा के चरित्र को पेश किया जाता है, उसके बाद सलमान खान की स्टार्स एंट्री, बाइक की सवारी और फिर से बंदूकें फायरिंग!

सलमान खान के फैंस भी इस फिल्म को देखने के लिए थिएटर्स में जाने वाले हैं इसमें कोई दो राय नहीं है।

## बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए बेताब हैं मौनी रॉय

फिल्मकार अयान मुखर्जी की आगामी फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय ने कहा कि वह साउथ इंडियन मूवीज में काम करना चाहती हैं। वह बड़ी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए काफी बेताब हैं। शेयरचैट लाइव ऑडियो चैटरूम में इंटरव्यू के दौरान जब मॉनी रॉय से पूछे गया कि क्या वह साउथ इंडियन मूवीज में काम करना चाहेंगी, तो इस पर एक्ट्रेस ने कहा, मैं साउथ फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्सुक हूं, क्योंकि उनके कंटेट काफी शानदार होते हैं। मैं उनकी बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए काफी बेताब हूं।रॉय ने बताया कि उन्हें फ्रेंड्स देखना काफी पसंद है। उन्हें रेचल और फोएबे के किरदार काफी अच्छे लगते है। एक्ट्रेस ने कहा, फ्रेंड्स मेरा पसंदीदा शो है। जब भी मैं खुश या दुखी होती हूं, मैं फ्रेंड्स देखना शुरू कर देती हूं, क्योंकि इससे मुझे अच्छा महसूस होता है।



मुझे ऐसा लगता है कि मैं उनके साथ घूम रही हूं।ब्रह्मास्त्र एक काल्पनिक कहानी पर आधारित फिल्म है। इसमें अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और नागार्जुन जैसे शानदार एक्टर लीड रोल में हैं।




# जॉली एलएलबी 3 में फिर नजर आ सकते हैं अक्षय कुमार



कोर्टरूम ड्रामा फिल्मों की बात होती है, तो जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी का नाम जेहन में आ ही जाता है। इस फ्रेंचाइजी की पहली किस्त में अभिनेता अरशद वारसी ने खूब रंग जमाया था। वहीं, जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने वकील जगदीश्वर मिश्रा बनकर लोगों की महफिल लूटी थी। अब सुनने में आ रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय फिर नजर आ सकते हैं। वह अपने किरदार को पर्दे पर दोहराते हुए दिखेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, जॉली एलएलबी 3 में अक्षय फिर अपने किरदार से दर्शकों को गुदगुदाते हुए नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को स्टार स्टूडियोज प्रोड्यूस करेगी, जबकि निर्देशन की कमान सुभाष कपूर संभालेंगे। एक सूत्र ने कहा, अक्षय, सुभाष और स्टार स्टूडियोज जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। तीसरा पार्ट पहले दोनों पार्ट से बड़ा और बेहतर होगा। इस प्रोजेक्ट पर टीम से बड़े सरप्राइज का इंतजार है।

खबरों की मानें तो फिल्म की स्क्रिप्ट को कमोबेश तैयार कर लिया गया है। जल्द फिल्म के कलाकारों की कास्टिंग होगी। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। सूत्र की मानें तो यह फिल्म अगले साल के अंत में दर्शकों के बीच आ सकती है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए सुभाष के आइडिया से सभी उत्साहित हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि अक्षय के साथ कौन-कौन से कलाकार फिल्म की शोभा बढ़ाएंगे।










CMYK

# बेरोजगारी को लेकर बरसीं पुरंदेश्वरी

## सरकार के दावों को बताया झूठा,कहा-भृत्य के लिए ही 2 लाख से ज्यादा आवेदन आए

रायपुर, 23 अगस्त 2022। बीजेपी प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. पत्रकार वार्ता में उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और धरमलाल कौशिक भी उपस्थित रहे. पुरंदेश्वरी ने पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई दी. इसके बाद उन्होंने कहा कि 'अजय जामवाल पर उनकी टिप्पणी एक मुख्यमंत्री के नाते सही नहीं है. ये मैं दुःख के साथ कह रही हूं.'

पुरंदेश्वरी ने कहा कि बेरोजगारी को लेकर कल युवा मोर्चा का आंदोलन है. युवाओं से किया गया वादा भूपेश सरकार ने नहीं निभाया है. इन्होंने (कांग्रेस) हाथों में गंगाजल लेकर 36 वादे किए थे. लेकिन एक भी वादा नहीं निभाया. कांग्रेस ने कहा था कि एक लाख युवाओं को रोजगार देंगे, 25 सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे. इसे लेकर क्या सरकार श्वेत पत्र जारी करेगी?



### प्रदेश में भृत्य के लिए दो लाख आवेदन

पुरंदेश्वरी ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने हर घर में रोजगार देने की बात कहीं थी. लेकिन कितनों को रोजगार दिया? सरकार कहती है कि बेरोजगारी दर राज्य में सबसे कम है. हालत ये हैं कि भृत्य के लिए दो लाख आवेदन आए हैं. बीजेपी युवा मोर्चा ने बेरोजगारी टेंट लगाकर जो हस्ताक्षर करवाया, उसमें दो लाख से ज्यादा हस्ताक्षर हुए हैं. छ्स्ल्धश्च की रिपोर्ट का सरकार बार-बार जिक्र करती है कि प्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है, लेकिन मीडिया की रिपोर्ट में राज्य के लोग बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बताते हैं.

### आंदोलन को असफल करने में लगी सरकार- पुरंदेश्वरी

भूपेश बघेल को श्राप है कि यदि वो सच बोलेंगे तो उनका सिर हजार टुकड़ों में बट जाएगा, इसलिए वे सच नहीं कहते. बेरोजगारी पर बीजेपी का आंदोलन सफल ना हो, सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है. पुरंदेश्वरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 20 हजार लोगों ने आत्महत्या की है. इनमें 10 हजार युवाओं ने हताशा और निराशा में आत्महत्या की है।

## संक्षिप्त समाचार



### गैंगरेप मामले का बर्खास्त सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

कांकेर, 23 अगस्त 2022। सामूहिक दुष्कर्म के फरार मुख्य आरोपित बर्खास्त उप निरीक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 2021 में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद से आरोपित फरार था। वर्ष 2021 में भानुप्रतापपुर में पुलिस सब इंस्पेक्टर किशोर तिवारी एवं उसके तीन साथियों ने मिलकर दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से मुख्य आरोपित तिवारी फरार था।

भानुप्रतापपुर पुलिस ने उसे बिलासपुर से गिरफ्तार किया। आरोपित को आज भानुप्रतापपुर न्यायालय में पेश किया जाएगा। बर्खास्त पुलिस उप निरीक्षक किशोर तिवारी के इस कृत्य से छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग पर भी एक बदनुमा दाग लगा था। वहीं आदिवासी वर्ग ने प्रदेश स्तर पर उसकी गिरफ्तारी की मांग की थी। उसकी गिरफ्तारी से राज्य सरकार को भी राहत मिली है।

### मटका फोड़ कार्यक्रम के दौरान हुई जमकर मारपीट



सांकरा, 23 अगस्त 2022। सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम ढाबाखार में रंगमंच के पास पानी क्यो छिड़िके हो कहकर हाथ मुक्का व डंडे से की पिटाई, जिसपर मामला दर्ज किया गया है. शैलेन्द्र साय ने पुलिस को बताया कि ग्राम ढाबाखार में रहता है रोजी मजदुरी का काम करता है कि 21 अगस्त को शाम उसके गांव में जन्मष्टमी के उपलक्ष्य में गांव में रंगमंच के पास प्रोग्राम हो रहा था वहां पर मटका फोड़ कार्यक्रम चल रहा था जहां पानी छिड़काव का कार्यक्रम हो रहा था वह मटका फोड़ने ऊपर चड़ा था तब उसे उतार दिये तब वह पानी छिड़काव कर रहा था।

पानी छिड़कते समय कुछ पानी आतिक केंवट के ऊपर गिर गया जो उसे मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच कर उसके बेटे बंटी केंवट के साथ आकर उसे जान से मारने की धमकी देते अपने पास रखे डंडा से सिर में मार दिये जिससे उसके सिर में चोट आया है । जिससे वह गांव के प्रायवेट डक्टर अजय साहू के पास ईलाज कराने गया घटना को टिहलु यादव, सत्यनंजय साय देखे है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 294-IPC, 323-IPC, 34-IPC, 506-IPC अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नकेल कसने की कवायद

कवर्धा, 23 अगस्त 2022। बारिश के मौसम के चलते लोगों के खान-पान पर विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक होता है, इसके अलावा त्योहार के सीजन में डिमांड बढ़ने के चलते मिलावटी मिठाइयों व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री की संभावनाओं के मद्देनजर खाद्य पदार्थों के मानकों की जांच सम्बन्धी कवायद शुरू कर दी गई है। इस सम्बंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्रवाइयों का विस्तृत विवरण मंगाकर विभाग के उपसंचालक व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी द्वारा जानकारी ली गई। उन्होंने इस दिशा में सभी सम्भव प्रयास बढाने के निर्देश भी दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि जनवरी 22 से कुल 63 खाद्य नमूना संकलित किया जा चुका है। इनमें से 19 नमूना मानक व 2 अमानक घोषित किया गया है।

## सुरक्षा की वजह से राहुल की भारत जोड़ो यात्रा छत्तीसगढ़ से नहीं गुजरेगी

0 150 दिन में 3500 किमी की दूरी तय करेंगे,
0 कन्याकुमारी से कश्मीर में समाप्त होगी यात्रा

रायपुर, 23 अगस्त 2022। नक्सल समस्या के मद्देनजर राहुल गांधी की चर्चित भारत जोड़ो यात्रा छत्तीसगढ़ राज्य से नहीं जाएगी। प्रदेश में नक्सली समस्या को देखते हुए यात्रा 12 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेश से होकर गुजरेगी पर छत्तीसगढ़ से दूरी रखते हुए। कन्याकुमारी से शुरू होकर यात्रा कश्मीर में समाप्त होगी। इस दौरान महज 150 दिन में 3500 किलो मीटर की भारत जोड़ो यात्रा राहुल करेंगे।



जिस समय अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद का चुनाव प्रस्तावित है, ठीक उसी प्रक्रिया के बीच राहुल गांधी अपने भारत जोड़ो यात्रा में रहेंगे। इसका मतलब साफ है कि राहुल पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना नही चाहते और वो पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर,राज्य शासन ने बढ़ाई त्यौहार अग्रीम राशि की सीमा

रायपुर, 23 अगस्त 2022। सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल के बीच सरकार ने राज्?य के शासकीय कर्मचारियों को बड़ी सहूलियत देते हुए त?योहार अग्रिम राशि की सीमा बढ़ा दी है। अब कर्मचारी त्योहारों पर 10 हजार रुपए तक का एडवांस ले सकते हैं। बता दें कि इससे पहले यह सीमा केवल 8 हजार रुपए तक थी। वित्त विभाग द्वारा तत्संबंध आदेश जारी कर दिया गया है।



**10 किश्तों में वापस करनी होगी अग्रिम राशि**

आदेशानुसार एडवांस रकम कर्मचारी को एक वर्ष में केवल एक बार ही दी जाएगी। जिसे उन्हें 10 किश्तों में वापस करना होगा। कर्मचारी पुराने एडवांस की वसूली के बाद ही दूसरे एडवांस के लिए पात्र होंगे। अग्रीम रकम की कटौती उसी महीने के वेतन से शुरू हो जाएगी जिस महीने एडवांस दिया जाएगा। कर्मचारियों को ये अग्रीम राशि प्रमुख त्योहारों, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, दशहरा, दीपावली, होली, रक्षा बंधन, ईद-उल-जुहा, ईद-उल-फितर और क्रिसमस पर ही मिलेगी।

## कलात्मक अंदाज में आर्टिस्ट ने सीएम भूपेश बघेल को जन्मदिन की दी बधाई

रायपुर, 23 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक के शिष्य गोपीनाथ महाराणा ने ओडिशा राज्य के पुरी में समुद्र तट पर सैंड आर्ट बनाकर अपने कलात्मक अंदाज में दी शुभकामनाएं।




बता दें कि प्रदेश के मुखिया का आज जन्मदिन है. इस बर्थडे को खास बनाने के लिए ष्ट्रू हाउस में मंत्रियों, विधायकों, नेताओं और चाहने वालों का तांता लगा हुआ. आलम यह है कि सीएम हाउस के आसपास सिविल लाइन इलाके में लोगों की भीड़ से जाम कर स्थिति बन रही है।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी मुख्यमंत्री को बधाई देने सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने सीएम को पुष्पुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री को बधाई दी। बोले, मुख्यमंत्रीजी को बहुत-बहुत बधाई। जाहिर है, मुख्यमंत्री और सिंहदेव के रिश्ते सहज नहीं रहे हैं। लंबे समय से दोनों के बीच दुरियां बनी हुई हैं।

मंत्री सिंहदेव ने चार पन्नों में गंभीर आरोप लगाते हुए पंचायत मंत्रालय से इस्तीफ दे दिया था। मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया था। इसके बाद सिंहदेव विधानसभा के मानसून सत्र से भी गैरहाजिर रहे। इससे उनकी नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा था। मगर आज सीएम हाउस में मुख्यमंत्री और मंत्री सिंहदेव को गले मिलकर लोगों के मुस्कान बिखर गए।



### मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देने मुख्य सचिव,पुलिस महानिदेशक, मुख्य प्रधान वन संरक्षक उनके निवास पहुंचे

रायपुर, 23 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और मुख्य प्रधान वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## छत्तीसगढ़ में Shivnath Express के 2 कोच पटरी से उतरे,यात्रियों की अटकी सांसे,मची चीख-पुकार

राजनांदगांव, 23 अगस्त 2022। जिले के डोंगरगढ़ में आज तड़के ग्राड़ी क्रमांक 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस के 2 कोच के 5 पहिए पटरी से उतर गए। इस हादसे के बाद रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया. राहत वाली बात ये रही कि हादसे में किसी को कोई हताहत नहीं हुई.

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी नागपुर से मौके पर पहुंचे और पटरी के साथ ही डिब्बे का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि ट्रेन कोरबा से महाराष्ट्र के इतवारी (नागपुर) जा रही थी। इसी बीच यह हादसा हो गया और कोच क्रमांक SEC 134400 और SEC 084114 के दो ट्रॉली व 5 पहिए डोंगरगढ़ यार्ड में बेपटरी हो गए.



रेलवे के मुताबिक, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में लाइन नंबर 3 में शिवनाथ एक्सप्रेस के इंजन से लगे दो कोच उतरे पटरी से उतरे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डीआरएम, सीनियर डीसीएम सहित आला अधिकारी पहुंचे। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दुर्घटना तड़के 3 बजकर 42 मिनट पर हुई।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

रायपुर, 23 अगस्त 2022। सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश कुमार यादव 23 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएस 9472 से कहीं जा रहा था। तभी बाइक रिको रोड नहर पुलिया के पास अनियंत्रित होकर बाउण्ड्रीवॉल से टकरा गया। जिससे रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया।

## रायपुर में सो रही महिला का मर्डर,रात में सोने गई,सुबह मिली लाश,जांच में जुटी पुलिस



रायपुर, 23 अगस्त 2022। राजधानी में एक महिला की अज्ञात आरोपियों ने हत्या कर दी है। महिला का शव उसके कमरे में मिला है। परिजन जब सुबह उसके कमरे में गए तब उन्हें इसकी जानकारी लगी। मामला सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। घटना खमतराई इलाके की है। मृतिका का नाम सरस्वती राठौर है।

जानकारी के अनुसार, महिला मूलतः जांजगीर की रहने वाली थी। वह शिव विहार सेक्टर 3 शिवानंद नगर में अपने भतीजे रंजीत राठौर और पति राजू राठौर के साथ रहती थी। 21 अगस्त की रात सरस्वती और उसका भतीजा रंजीत घर पर थे। दोनों ने रात में खाना खाया इसके बाद अपने अपने कमरे में सोने चले गए।

सुबह करीब 5 बजे जब रंजीत उठा तो उसने देखा की बेड पर चाची मृत हालत में पड़ी है। उसने करीब जाकर देखा और फौरन अपने चाचा राजू को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद महिला के पति ने घर आ कर पुलिस को इसकी जानकारी दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाही कर रही है। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी ने तकिए से मुंह दबाकर महिला की हत्या की गई है।

## कलेक्ट्रेट में बेहोश हुई महिला,पहुंची थी शिकायत लेकर



बलौदाबाजार, 23 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में अधिकारी-कर्मचारी 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। इनके हड़ताल पर चले जाने से सभी शासकीय विभागों में कामकाज पूरी तरह से ठप और बंद हो गया है। सभी विभागों के कार्यालय के दरवाजों पर ताले लटके हैं। विभागों में कामकाज बंद होने के कारण आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। दरअसल बलौदाबाजार जिले में एक महिला न्याय की उम्मीद लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची थी। यहां वो कलेक्टर का इंतजार कर रही थी, लेकिन इंतजार करते-करते महिला कार्यालय के बाहर बेहोश हो गई। इतना ही नहीं पीड़ित महिला की सुध लेने वाले भी दफ्तर से नदारद थे।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार कलेक्टर कार्यालय परिसर में मंगलवार को बिसनबाई प्रभाकर नाम की एक बुजुर्ग महिला बेहोशी की हालत में मिली। महिला कलेक्टर से मिलने कसडोल विकासखंड के ग्राम छतवन से लगभग 70 किमी का सफर तय कर आई थी। यहां आकर उसे कोई नहीं मिला। फिर कलेक्टर का इंतजार करते-करते परिसर के बाहर चक्कर आने से बेसुध हो गई। वह अपने बहनों की साथ यहां आई थी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी कलेक्टर को आदेशित कर हड़ताल के दौरान आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन यहां का नजारा कुछ और ही था। आज सुबह 11 बजे से महिला बाहर बैठे-बैठे बेहोश हो गई और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पीड़ित महिला बिसनबाई प्रभाकर ने बताया कि उसकी जमीन पर उसके ही परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं उसके साथ मारपीट भी की गई है। इसको लेकर वह पुलिस के पास गई थी, पर कुछ नहीं हुआ और अब वह कलेक्टर के पास आई है, लेकिन अभी तक कोई नहीं मिला है। उसे इंतजार करते-करते 3 घंटे हो गए, लेकिन कोई नहीं आया। वहीं मामले में अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं।

## युवक के कूल्हे में चाकू मरने वाले 3 युवक गिरफ्तार

रायपुर, 23 अगस्त 2022। प्रार्थी नेमिस मटियारा ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बजरंग चैक मठपुरैना रायपुर में रहता है। प्रार्थी दिनांक 21.08.2022 की रात्रि करिबन 10.00 बजे बजरंग चैक पास दही हांडी कार्यक्रम में सम्मिलित था तभी हल्का तालाब पास रहने वाले ललित जलक्षत्री, चेतन जलक्षत्री एवं कमल नंदेश्वर आये और पानी का छिटा लगने की बात को लेकर प्रार्थी से बहस करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे तभी ललित जलक्षत्री ने अपने जेब से चाकू निकालकर प्रार्थी की हत्या करने की नियत से उसपर लगातार वार कर प्रार्थी के सीना, पसली, कुल्हा तथा जांघ पास मारकर वहां से फरार हो गये। जिस पर चेतन जलक्षत्री, कमल नंदेश्वर एवं ललित जलक्षत्री के विरूद्ध थाना टिरापारा में अपराध क्रमांक 487/22 धारा 307, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



वरिष्ठ अधिकरियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर प्रकरण में आरोपी चेतन जलक्षत्री, कमल नंदेश्वर एवं ललित जलक्षत्री को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग चाकू को जप्त कर कार्यवाही किया गया।

## डामर घोटाले में इन चार अफसरों के खिलाफ होगा एफआईआर ने,सरकार ने दी मंजूरी

बिलासपुर, 23 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डामर घोटाले के मामले में पीडब्ल्यूडी के 4 अधिकारियों और कंसल्टेंसी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जायेगा। इस घोटाले को लेकर दोबारा दायर जनहित याचिका पर शासन की ओर से हाईकोर्ट में बताया गया है कि संबंधितों के खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज की जाएगी, शासन ने इसकी अनुमति दे दी है। याचिका निराकृत करते हुए कोर्ट ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता शासन की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे दोबारा अदालत आने की छूट है।

बता दें कि वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र पांडे ने सन् 2014 में डामर घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकार ने एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1200 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था, जिसमें 17 सड़कों के निर्माण में करीब 200 करोड़ रुपये अधिक का घोटाला किया गया है।

इस याचिका में दस्तावेजों के साथ जानकारी दी गई थी कि एक ही बिल लगाकर कई सड़कों के निर्माण के लिए डामर खरीदी और निर्माण कार्य दर्शा दिया गया था। अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से इसमें भ्रष्टाचार हुआ। सन् 2019 में इस याचिका को शासन के लिखित आश्वासन के बाद निराकृत कर दिया गया था।



### समिति से कराई गई जांच

शासन के निर्देश पर एसीबी ने तीन अधिकारियों की एक समिति बनाई जिसे एक माह के भीतर घोटाले की जांच करके रिपोर्ट देनी थी। पर यह रिपोर्ट बहुत विलंब से तैयार हुई। पीडब्ल्यूडी ने मार्च 2022 में जांच प्रतिवेदन के साथ पत्र लिखकर एसीबी से कहा कि बेमेतरा से मुंगेली तक की बनाई गई 17 सड़कों में तत्कालीन परियोजना अधिकारी एससी त्रिवेदी, आरवाय सिद्दीकी, जे एम लुलु, कार्यपालन अधिकारी एन के जयंत तथा कंसल्टेंसी फर्म रेनारडेट एसए घोटाले के जिम्मेदार पाए गए हैं, इन पर कार्रवाई की जाए।

### एसीबी ने दोबारा की जांच

एसीबी ने इस प्रतिवेदन के आधार पर पुनः जांच की और उक्त अधिकारियों तथा कंसल्टेंट कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शासन से अनुमति मांगी। यह अनुमति नहीं मिली, तब पांडेय की ओर से हाईकोर्ट में दोबारा याचिका दायर कर कहा गया कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में देर कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को शासन की ओर से बताया गया कि एसीबी को एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दे दी गई है। एफआईआर शीघ्र दर्ज की जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)